चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 291, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 21 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गौमाता को राष्ट्र माता का कानूनी दर्जा दिलाने की मांग को लेकर महारैली

**नई दिल्ली**

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाने के लिए सोमवार को गौमाता राष्ट्र माता प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत देशभर के गौ रक्षक सोमवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली की। प्रसिद्ध गौ कथा वाचक गोपाल मणि महाराज के नेतृत्व में देशभर के अलग-अलग राज्यों से बड़े-बड़े साधु संत भी प्रदर्शन में शामिल हुए। दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के अलग-अलग राज्यों से जुटे साधु संत और गौ रक्षकों ने अपनी मांगें रखीं। उन्होंने मांग कि केंद्र की मोदी सरकार गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करे, जिससे पूरे देश में गौ माता को लेकर एक ही कानून लागू हो सके। यह अभियान चारों पीठों के अनंतश्री विभूषित शंकराचार्य की देखरेख में राष्ट्रमाता गौ मंगलम अभियानम के तहत किया जा रहा है। इसमें अखाड़ा परिषद महामंडलेश्वर और अनेक कथावाचक भी शामिल हुए। हमारे देश में वेद, पुराण, उपनिषद में गाय को माता के रूप में पूजा गया है और कानून के आधार पर गाय को पशु का दर्जा मिला हुआ है।

## जापान के फुकुओका सिटी और दिल्ली के बीच फ्रेंडशिप एक्सचेंज एग्रीमेंट तीन साल के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने सोमवार को जापान के फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट का 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली सचिवालय पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट की वाइस गवर्नर आकिए ओमगारी के नेतृत्व में यहां आया था। प्रतिनिधिमंडल में फुकुओका प्रीफेक्चरल असेंबली के वाइस चेयरपर्सन माकोतो सासाकि समेत अन्य सदस्य शामिल थे। यह प्रतिनिधिमंडल दिल्ली सरकार और फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट (एफपीजी) के बीच ट्विनिंग समझौते की 15वीं वर्षगांठ मनाने के लिए दिल्ली आया है। पांच मार्च, 2007 को दोनों के बीच पहली बार इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जो अभी भी जारी है।

# पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक जूनागढ़ किले से अपना रोड शो किया

**बीकानेर**

विधानसभा चुनाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में संभाग मुख्यालय बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक जूनागढ़ किले से अपना रोड शो शुरू किया। सोमवार सायं 5:51 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो शुरू हुआ। इससे पहले मोदी ने जूनागढ़ जिले की सात विधानसभा सीटों से भाजपा उम्मीदवारों से मुलाकात की। इनमें बीकानेर पूर्व से सिद्धीकुमारी, पश्चिम से जेठानंद व्यास, लूनकरनसर से सुमित गोदारा, नोखा से बिहारीलाल बिश्नोई, श्रीकोलायत से अंशुमान सिंह, खाजूवाला से डॉ. विश्वनाथ, श्रीडूंगरगढ़ से ताराचंद सारस्वत के अलावा भाजपा नेता दीपक पारीक और मेयर सुशीला कंवर शामिल थे।

दो विधानसभा क्षेत्र बीकानेर पूर्व और बीकानेर पश्चिम क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शुरू हुए रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे रूट पर दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने मोदी पर जमकर फूल बरसा की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी जीप में सवार रहे। रोड शो शार्दूल सिंह सर्किल, हेड पोस्ट ऑफिस, चौखूंटी पुलिया, जस्सूसर गेट, एमएम ग्राऊण्ड होते हुए गोकुल सर्किल तक रहा। बीकानेर पूर्व में जूनागढ़ से रोड शो की शुरूआत हुई। बीकानेर पश्चिम में चोखुंटी रेलवे क्रॉसिंग से एंट्री करेगा, जो ढाई किलोमीटर के बाद गोकुल सर्किल पर पूरा होगा।

**रोड शो में गूंजा मोदी-मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में बैरिकेट्स के बाहर बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों, भाजपा कार्यकर्ताओं के मोदी-मोदी के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। विशेष वाहन पर राजस्थानी साफा पहने मोदी सड़क किनारे खड़े लोगों व समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहे थे। मोदी का रोड शो रोशनी घर चौराहा तथा ओवरब्रिज पार कर रहा था, उस समय ब्रिज के दोनों ओर व ब्रिज के नीचे के लोग उनकी एक झलक कैमरे में कैद करते दिखे।



## राजस्थान सरकार ने रामनवमी पर कर्फ्यू लगाया: योगी

**दौसा/अलवर/भरतपुर**

**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राजस्थान के चुनावी समर में निरंतर ताबड़तोड़ रैली हो रही है। सोमवार को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान में मतदाताओं के समक्ष पहुंचे और भाजपा के लिए वोट मांगा। यहां उन्होंने जनविरोधी कृत्यों पर कांग्रेस को घेरा। बोले कि राजस्थान सरकार रामनवमी पर कर्फ्यू लगाती है, लेकिन यूपी में चार करोड़ लोगों की कांवड़ यात्रा निकलती है और तिनका तक नहीं हिलता। भरतपुर जिले की नगर विधानसभा सीट पर उन्होंने कहा कि यदि यहां भाजपा का विधायक होता तो गाड़ी में गोमांस नहीं मिलता। फर्क महसूस हो गया होगा कि कांग्रेस रूपी समस्या के सामने आपको कमल रूपी समाधान वाले बटन को दबाकर राजस्थान में भाजपा सरकार बनानी है।




**भैरो सिंह शेखावत ने राजस्थान को पर्यटन के सबसे बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया था**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आमेर के विधायक, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी उम्मीदवार सतीश पुनिया के लिए समर्थन की अपील की। बोले कि राजस्थान ने पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, सूरजमल जैसे महाप्रतापी राजाओं को जन्म देकर इस धरा को पुण्य किया है।

## राजस्थान अपनी जनकल्याणकारी योजना और साफ नीयत के आधार पर पूरे देश में बना मॉडल स्टेट



**जयपुर**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमेन पवन खेड़ा ने सोमवार को पीसीसी में प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। वरिष्ठ नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि राजस्थान के चुनाव में उन्हें यह देखने को मिला कि न सिर्फ प्रदेश बल्कि समूचे देश के अंदर आज राजस्थान के मॉडल स्टेट होने की चर्चा हो रही है क्योंकि एक बार फिर राजस्थान ने खुद को देश के अंदर नंबर एक साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब राजस्थान देश के अंदर नंबर एक पर आया। राजस्थान में लोकतंत्र का शासन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार करने आते हैं और उनका फेवरेट सब्जेक्ट विभाजन, नफरत, जातिवाद, धर्म, दंगे होते हैं लेकिन यही राजस्थान मॉडल स्टेट है जिसके कारण यहां पर आकर उन्हें अपने फेवरेट सब्जेक्ट को छोड़कर योजनाओं की बात करनी पड़ी है और आज वह कांग्रेस के पिच पर आ गए हैं। एआईसीसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज भाजपा की केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा संगठन राजस्थान सरकार की उपलब्धियों से बौखलाई हुई है और मजबूरन दुष्प्रचार कर रही है, जबकि आज आवश्यकता यह है कि भारतीय जनता पार्टी अपने गिरेबा में झांक कर देखे।

## विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में हर नागरिक की बड़ी भूमिका: योगी

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत साढ़े 09 वर्ष का कालखंड एक नए भारत-समृद्ध भारत का स्वरूप गढ़ने वाला रहा है। प्रधानमंत्री जी ने आजादी के शताब्दी वर्ष (2047) तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने की परिकल्पना की है। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सभी को इस परिकल्पना को साकार रूप देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। विगत 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ किया गया है। यात्रा के माध्यम से आगामी 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश के सभी 57,709 ग्राम पंचायतों एवं 2341 नगरीय क्षेत्रों को कवर किया जाना है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में हर पात्र जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाने की योजना है।



## जजों की नियुक्ति और तबादले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फिर फटकारा

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिशों पर जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार की ओर से की जा रही देरी के मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि ये अच्छे संकेत नहीं हैं। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। मामले की अगली सुनवाई 05 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस कौल ने कहा कि हमने सरकार को पहले भी इसके लिए आगाह किया है। इसके बावजूद अब भी दिल्ली, इलाहाबाद, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट और गुजरात हाई कोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश केंद्र सरकार के पास लंबित है। इन पर सरकार ने कुछ भी नहीं किया। इस पर अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने सरकार का बचाव करते हुए कोर्ट को बताया कि विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से फाइलों पर कार्रवाई नहीं हो सकी। अटार्नी जनरल ने स्पष्ट किया कि जजों के ट्रांसफर को लंबित रखने की सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं थी। हमने सरकार को इस मुद्दे पर सूचित कर रखा है। जस्टिस कौल ने कहा कि हमने अलग-अलग हाई कोर्ट में से 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है लेकिन सिर्फ गौहाटी हाई कोर्ट में ही नियुक्ति की गई। सरकार की इस तरह से नियुक्ति और स्थानांतरण में पसंद के आधार पर कार्रवाई करने से जजों की वरिष्ठता क्रम पर असर पड़ता है। इसकी वजह से वकील जज बनने के लिए अपनी स्वीकृति वरिष्ठता के लिए ही नहीं देते हैं।



## 'तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनी तो खत्म होगा मुस्लिमों को दिया आरक्षण'



**नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो मुस्लिमों को दिया गया 4 फीसदी आरक्षण समाप्त किया जाएगा। शाह ने सोमवार को तेलंगाना के कोरुतला विधानसभा में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण की जो सीट बचेगी, उन सीटों का लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति व ओबीसी समाज को देकर उनके साथ न्याय किया जाएगा। शाह ने कहा कि तेलंगाना में केसीआर ने वर्षों से हल्दी बोर्ड नहीं बनने दिया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यहां आकर हल्दी बोर्ड बनाने की घोषणा की और उत्तर तेलंगाना के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा केसीआर द्वारा कराए गए भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच कराएगी और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा। शाह ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल ने तेलंगाना को रजाकारों और निजामों से मुक्त कराने का फैसला किया था। केसीआर ने ओवैसी के प्रभाव में आकर हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने से इनकार कर दिया लेकिन तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनने के बाद हर वर्ष 27 अगस्त को रजाकार विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना में चीनी मिलों को पुनर्जीवित करेगी। साथ ही यहां इथेनॉल प्लांट लगाया जाएगा।

## पराली जलाने के मामले पर पंजाब सरकार को एनजीटी की फटकार

**नई दिल्ली**

**नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल** (एनजीटी) ने सोमवार को पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पराली जलाने से रोकने के लिए उचित कदम नहीं उठाया गया। एनजीटी ने कहा कि पंजाब में पराली जलाने की घटना में शामिल लोगों के खिलाफ एक समान कार्यवाही नहीं की गई। पराली जलाने वालों के खिलाफ चुनिंदा कार्यवाही की गई। इस मामले पर अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। एनजीटी ने सुनवाई के दौरान पंजाब में पराली जलने की घटना पर पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आज भी जो सेटेलाइट इमेज हैं, उनमें पूरा पंजाब लाल दिखा रहा है। पूरा पंजाब हॉट स्पॉट बना हुआ है। एनजीटी ने पूछा कि अगर आप इस पर कार्रवाई कर रहे हैं तो स्थिति में सुधार क्यों नहीं हो रहा है। आप हमारे पास आंकड़ों के साथ आते हैं और कहते हैं कि एक्शन लिया जा रहा है, जबकि उसका नतीजा निकलता हुआ नहीं दिख रहा है। एनजीटी ने कहा कि हम मौजूदा हालात से चिंतित हैं, क्योंकि अगर आप कोई कार्रवाई नहीं भी लेंगे तो भी दिसंबर में पराली जलाने की घटना अपने आप ही कम हो जाएगी। एनजीटी ने पूछा कि स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है आप क्या कर रहे हैं। आप पर हमारे और सुप्रीम कोर्ट दोनों के आदेश का भी कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसा लग रहा है आपकी इच्छा ही नहीं है। क्या आप सेटेलाइट इमेज को झुठला सकते हैं। इस पर पंजाब सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कल इस मामले पर सुनवाई करने वाला है। साथ ही कहा कि पराली जलाने की घटना में कमी आई है। 19 नवंबर तक के आंकड़े एनजीटी में जमा किए गए हैं। पंजाब सरकार ने कहा कि पराली जलने के 48 घंटे के भीतर कार्यवाही की जा रही है। इस पर एनजीटी ने कहा कि 48 घंटे का समय बहुत ज्यादा है, आप तत्काल कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं।

## विशाखापत्तनम जासूसी मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को विशाखापत्तनम जासूसी मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी नेटवर्क के माध्यम से गुप्त रक्षा जानकारी लीक की जा रही थी। एनआईए ने मुंबई (महाराष्ट्र) में दो स्थानों और असम के नागांव जिले के होजाई में छापेमारी की। छापेमारी के बाद अमान सलीम शेख को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। अमान उन सिम कार्डों को सक्रिय करने में शामिल था, जिनका इस्तेमाल रैकेट में शामिल पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी कर रहे थे। अब तक मामले में तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। एनआईए की टीमों ने आज उस स्थान से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए।

## गठबंधन टूटा तो रायबरेली-अमेठी में चुनौती देगी सपा

**नई दिल्ली**

वर्तमान विधानसभा चुनाव के बीच आइएनडीआइए में कुछ दलों के बीच खटास दिखी है। दावा किया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव तक सारी गिले शिकवे दूर हो जाएंगे और मजबूती के साथ इकट्ठे होंगे, लेकिन खुद इन दलों के अंदर यह तैयारी भी चल रही है कि गिले शिकवे बरकरार रहे तो उन्हें क्या करना है। किसी कारण गठबंधन पर आंच आई तो असर उन सीटों तक भी पहुंचने की आशंका है, जिनसे कांग्रेस की आन जुड़ी है।

**कांग्रेस के गढ़ में चुनाव में लड़ सकती है सपा**

मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे में तवज्जो न मिलने से नाराज सपा ने कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी में भी लोकसभा प्रत्याशी की खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं, कांग्रेस भी पुराने अहसानों का लिहाज कर सिर्फ सपा नेतृत्व यानी सैफई परिवार के लिए एक सीट छोड़कर बाकी पर मुकाबले की रणनीति बना रही है।





**कांग्रेस के खिलाफ अखिलेश यादव के तीखे तीवर**

मध्य प्रदेश में चुनावी समझौता विफल होने से नाराज सपा प्रमुख अखिलेश यादव के तीखे तेवर न सिर्फ जुबान तक सिमटे हैं, बल्कि रणनीतिक मोर्चा भी उसी मूड के साथ सजाना शुरू कर दिया है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि गठबंधन बने रहने की संभावनाओं को कमजोर होते देख पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी से भी प्रत्याशी उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। इनमें रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं तो अमेठी की पारंपरिक सीट से राहुल गांधी लगातार तीन बार सांसद रहे। राहुल 2019 में चुनाव हार गए थे, लेकिन अब फिर वहीं से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

बताया गया है कि रायबरेली से सपा मजबूत जनाधार देखते हुए ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय तो अमेठी संसदीय सीट पर गौरीगंज के तेजतर्रार विधायक राकेश प्रताप सिंह को चुनाव लड़ा सकती है। यहां खास बात यह है कि इन दोनों सीटों पर सपा सोनिया और राहुल के विरुद्ध प्रत्याशी उतारने से तब भी परहेज करती रही है, जब इन दोनों दलों में कोई गठबंधन नहीं था।

**सपा के लिए कांग्रेस भी छोड़ती रही है सीटें**

सपा 2009 से रायबरेली में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ी और इसी तरह जब से अमेठी पर पहले सोनिया और फिर राहुल लड़ने के लिए आए तो सपा ने किनारा कर लिया। हालांकि, यह चुनावी दोस्ती एकतरफा नहीं है।

कांग्रेस भी सपा के लिए सीटें छोड़ती रही है। मैनपुरी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की सीट रही है। इसलिए 2009 से उनके या उनके परिवार के सदस्य के खिलाफ कांग्रेस नहीं लड़ी।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की लाश देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सहसों फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के पीछे खेत में रविवार को देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची सहसों पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत फाफामऊ रोड पर स्थित सहसों फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के पीछे एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना होने पर सहसों पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। मृतक युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार पुलिस ने मनोज कुमार यादव 35 वर्ष पुत्र पन्नालाल यादव फूलपुर के रूप में पहचान किया। जानकारी के अनुसार मृतक मनोज कुमार यादव लगभग 5 वर्षों से सहसों में ही रह कर अप्पे सवारी गाड़ी पर चालक के रूप में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मौत की वजह का कोई पता नहीं चल सका है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## विवाहिता की कमरे में फांसी पर लटकती मिली लाश

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के सोपारावारी गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का विवाह करीब पांच वर्ष पहले मैलहन के पास अतरौला गांव निवासी मनीता देवी से हुआ। दोनों से चार वर्ष का एक पुत्र भी है। आठ माह पहले प्रदीप कुमार अपनी पत्नी मनीता देवी को लिवाकर मुंबई चला गया। वहां से शनिवार को वापस लौटकर अपने घर आए। रविवार की शाम पत्नी मनीता देवी कमरे में लगा छत के चुल्ला में रस्सी के सहारे संदिग्ध अवस्था में लटकती हुई मिली। ससुराल के लोगों की नजर पड़ी तो वहां पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मनीता को लेकर डॉक्टर के पास भागे लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मायका पक्ष द्वारा सौ नंबर और थरवई पुलिस को घटना की जानकारी दिया गया। मायका पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लेते हुए जांच पड़ताल कर रही है। समाचार लिखे जाने तक फांसी से मौत होने की कोई कारण पता नहीं चल सका है।

## बुखार से एक युवक की मौत

**सहसों।** रहस्यमयी बुखार से एक युवक की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार सहसों निवासी सचिन कुमार सिंह पुत्र राम सूरत उर्फ लालजी सिंह उम्र 23 वर्ष रहस्यमयी बुखार के कारण 3 दिन से पीड़ित था। परिजनों ने शहर के एक चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां तबियत ज्यादा खराब होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। परंतु रविवार की शाम इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवारी जनों में कोहराम मच गया। सचिन दो भाइयों में छोटा था और अपने पिता के साथ खेती किसानी में सहयोग करता था। सचिन की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सिपाही पर रिपोर्ट दर्ज करने को पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

**हनुमानगंज।** फोन कर धमकी व गाली गलौज करने वाले सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए पीड़ित सोमवार को पुलिस आयुक्त रमित शर्मा से लिखित शिकायत की। सरायइनायत के सहसों चौकी में तैनात सिपाही लाइन हाजिर होने के बाद बौखलाहट में पीड़ित पर लाइन हाजिर करने का आरोप लगाते हुए बद्दी बद्दी गलियां व धमकी दी थी जिसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस की बेहतर छवि स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार व पुलिस के बड़े अधिकारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन कुछ पुलिसकर्मियों की वजह से आए दिन खाकी को शर्मसार होना पड़ता है अब एक मामला सराइनायत थाने के सहसो चौकी में तैनात रहे सिपाही का सामने आया है सिपाही को तीन दिन पहले पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने लाइन हाजिर कर दिया था। बौखलाए सिपाही ने अपना गुस्सा कसेरुआ कला सहसों के रहने वाले एक युवक पर निकला युवक को फोन कर सिपाही ने उसे पर लाइन हाजिर कराने का आरोप लगाते हुए बद्दी बद्दी गालियां दी और धमकी दी। सिपाही की धमकी की वजह से पीड़ित काफी भयभीत है और उसने मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी सराय इनायत से की जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो सोमवार को उसने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अक्षय नवमी के अवसर पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ का पूजन किया



अखंड भारत संदेश

**जसरा।** अक्षय नवमी के अवसर पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ का पूजन किया तथा आंवले के नीचे ही बैठ करके प्रसाद भी ग्रहण किया। अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ का पूजन करना तथा उसके नीचे भोजन करने को बहुत ही उत्तम बताया गया है । बताया जाता है कि अछय नवमी के दिन ही सतयुग का आरंभ हुआ था। इस दिन आंवले के पेड़ के पूजन और उसके नीचे भोजन ग्रहण करने से पूर्व के पापों का जहां नाश होता है, वहीं पर भगवान विष्णु के विशेष कृपा की प्राप्ति होती है । बताया गया है कि इस दिन किए गए दान का अपना एक अलग ही महत्व हुआ करता है। आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने का दिन होने के कारण आंवले के बाग तथा पेड़ के नीचे पूरा पिकनिक का दृश्य दिखाई पड़ रहा था जहां पर बच्चे खेलकूद में लगे थे। वहीं पर महिलाएं भोजन और पूजन में जुटी हुई थीं। महिलाओं में मुख्य रूप से पुष्पा देवी पूर्व प्रधान, गगन केसरवानी, रितु जायसवाल, रजनी जायसवाल, शशि कला, मीणा केसरवानी, रंजीता केसरवानी, जूही केसरवानी आदि महिलाएं आंवले के पेड़ के नीचे उपस्थित रहीं।



## एमपी बिरला स्कूल में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने किया धमाल

**झूंसी।** एमपी बिरला शिक्षा भवन एवं इण्टर कालेज में सोमवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि स्कूल प्रबंधक नीलिमा वर्मा , प्रधानाचार्या रीता पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने मा सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मेले की शुरूआत की। बाल मेले में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर लकी ड्रा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें अर्पित सिंह ने पहला पुरस्कार के रूप में साइकिल जीती दूसरा शिल्पा वर्मा ने मेज-कुर्सी सेट, एवं तीसरा आशुतोष कुमार को बुक सेल्फ तथा सांत्वना पुरस्कार उमैमा ,अर्पिता यादव और अर्पित को मिला। इस अवसर पर राम मूरत पांडे, मनोज मिश्रा, सरिता अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, विजयकांत मिश्रा, रेनी मिश्रा, नीलम पांडे, रुपाली श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, शैलेश त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, ऋषभ त्रिपाठी, दिव्या सिंह, सुनीता गुप्ता सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# गड़ेरिया समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोमवार को धनगर समाज ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देश के शासनादेश का पालन न करने के लिए उप जिलाधिकारी सोरांव डॉक्टर गणेश कनौजिया व खंड विकास अधिकारी सोराव सुनील कुमार पटेल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर के नेतृत्व में व राष्ट्रीय संगठन मंत्री उमेश पाल धनगर के मौजूदगी में सोरांव तहसील के सभी धनगर(गडरिया) समाज इकट्ठा होकर अपने धनगर जाति प्रमाण पत्र जो कि अनुसूचित जाति में आते हैं को जारी करने के लिए उप जिलाधिकारी सोरांव के नाम एक ज्ञापन तहसील में मौजूद स्टेनो गुलजार अहमद को सौंपा। वही खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर भी कुटुंब रजिस्टर में गडरिया के स्थान पर धनगर शब्द का प्रयोग करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि खंड विकास अधिकारी के मौजूदगी न होने के कारण वरिष्ठ सहायक स्थापना बाबू मोहम्मद आफताब आलम तथा लेखाकार संजय कनौजिया को ज्ञापन दिए। धनगर समाज के लोगों का कहना है कि समस्त तहसीलदारों को धनगर समाज को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु शासन ने सत्रह बार आदेश जारी किया गया। लेकिन धनगर समाज को धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं जिस कारण धनकर समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है यहां तक की राष्ट्रीय अध्यक्ष धनगर समाज ने कहा कि यदि 7 दिन के अंदर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाएंगे तो धनगर समाज आमरण अनशन के लिए मजबूर होगा। और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसी इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सालिक राम धनगर, प्रदेश संगठन मंत्री सीताराम धनगर,राष्ट्रीय संगठन मंत्री उमेश पाल धनगर एडवोकेट, राजू पाल,सुनील पाल, विजय पाल, राजू पाल युवा समाज सेवी, संगम लाल पाल, ओम प्रकाश पाल बिरहा गायक, सपना पाल, ननकी पाल,पंकज पाल, ब्लाक अध्यक्ष द्वारिका पाल संग सैकड़ो लोग रहे।

## न्यूज झरोखा

## जल निगम की पाइप फटने से सड़क पर लगा रहता है पानी



**उतरांव।** सैदाबाद ब्लाक अनर्गत ग्रामसभा करौहा के मजरा नौबाजार हाईवे के अंडर पासिंग पुल के नीचे सड़क पर जल निगम की पाइप फटने से अंडर पासिंग पुल के नीचे जल जमाव हो गया है। जिससे आने जाने वाले राहगीरो को दिक्कत होती है। कभी कभी आने जाने वाले राहगीर गिरकर चोटहिल हो जाते है।आप? को बताते चले की सरकार जल बचाव के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाए लाई ताकि पानी का बचाव हो सकें और पानी का सही प्रयोगऔर बेवजह पानी बर्बाद न हो सकें। लेकिन पिछले कई माह से नौबाजार अंडर पास पुल के नीचे जल निगम का पाइप फटने से जल बर्बाद हो रहा और जल जमाव की वजह से आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कत का समाना करना पड़ता है।वहीं ग्रामसभा करौहा के सुनील कुमार यादव, जगदीश कुमार, कृष्णराज, शशिकांत, मुस्तक अहमद आदि ग्रामीणों ने जल निगम विभाग को शिकायत की लेकिन आज तक जल निगम की फटी पाइप को जल निगम विभाग द्वारा ठीक नहीं कराया गया जिससे ग्रामीण और क्षेत्रवासियो मे आक्रोश है।

## पूरे देश को गौरवान्वित किया भारतीय खिलाड़ियों ने : पं.आशुतोष त्रिपाठी




**प्रतापपुर।** विश्व कप 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम के शानदार एवं उम्दा प्रदर्शन पर उग्रेसनपुर के क्रिकेट प्रेमियों ने भारतीय टीम की प्रशंसा करते हुए हुए शुभकामनाएं दिया। प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंडित आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मैच तक पूरी बहादुरी तन्मयता से मैच खेला और फाइनल मुकाबला भी अच्छा खेला परंतु भाग्य ने साथ नहीं दिया। विश्व कप फाइनल मुकाबले में भारत और आस्ट्रेलिया की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने मजबूत क्षेत्ररक्षण और बैंटिंग करते हुए विश्व कप अपने नाम कर लिया।जीत हार खेल का हिस्सा है दोनों स्वीकार करना चाहिए हार हमको और मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।आगामी विश्वकप में हमारी भारतीय टीम विजेता बनेगी ऐसा हम लोगों को पूर्ण विश्वास है। भारतीय टीम को अपना समर्थन एवं शुभकामनाएं देने वालों में महावीर मिश्रा, सनी सिंह, अजीत यादव, मुन्ना यादव, इंद्रजीत मिश्र, राजू सोनी, डॉक्टर बंगाली सहित तमाम भारतीय टीम के समर्थक मौजूद रहे।

## डिग्री कालेज का ताला तोडकर इलेक्ट्रॉनिक मशीनो को किया पार ,मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गार्ड के होते हुए भी डिग्री कालेज का दरवाजा तोड चोर कालेज में घुस कर आफिस से कम्प्यूटर एक मानीटर,एक सीपीयू, प्रिंटर आदि चोरी कर ले गए।गार्ड ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामफल इनारी पुलिस चौकी के निकट शिव गंगा डिग्री कालेज में चोर घुस कर इलेक्ट्रॉनिक मशीनें चोरी कर ले गए। बताया गया है कि चोर दफ्तर का ताला तोड कर कम्प्यूटर,एक मानीटर,एक सीपीयू,एक प्रिंटर आदि चोरी कर ले गए। विधालय के गार्ड को जब मालूम हुआ तो उसने डिग्री कालेज के स्टप को बताया। विद्यालय के गार्ड उमाशंकर मिश्रा पुत्र स्वर्गीय नरेश मिश्रा निवासी सोमरावारी थरवई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यू आरएसजे के बच्चो ने टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जीती



**झूंसी।** अंतर्जनपदीय टेनिस बॉल क्रिकेट संगठन प्रयागराज द्वारा आयोजित द्वितीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता न्यू आरएसजे के बच्चो जीत कर ट्राफी अपने नाम की। प्रतियोगिता दौलत हुसैन इण्टर कालेज प्रयागराज में 17 एवं 18 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रयागराज की ओर से न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल झूंसी ने फाइनल मैच में कौशाम्बी जिला को हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा किया। कोच सुभाष ओझा तथा मैनेजर अरून सिंह एवं सभी खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य ने पुष्प भेंट कर बधाई दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रयाग इंस्टीट्यूट बेंदौ में विज्ञान कैम्प में सैकड़ो छात्रों ने किया प्रतिभाग

## उपस्थित छात्रों को आधुनिक विज्ञान की विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गई





अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट कालेज बेंदौ में सोमवार को विज्ञान कैम्प का शुभारम्भ हुआ।इसमें मुख्य अतिथि और मेंटर डां संतोष श्रीवास्तव चेयरमैन ज्ञान सिंह और सचिव विकाश सिंह द्वारा स्वागत किया गया। विभिन्न कॉलेजों के 300 सौ से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग लिया। छात्रों के आधुनिक विज्ञान की विभिन्न कार्यशाला सम्पन्न कराई गई। ढक्ळ्ट संस्थान के सभी ल्डडऊ और शिक्षक गण उपस्थित रहे। ज्ञान सिंह ने बताया की यह विज्ञान कैम्प हमारे ग्रामीण छात्रों के लिए वरदान साबित होगा।कार्यक्रम का संचालन आशमा नन्द सिंह ने किया। दूसरे पाली के व्याख्याता मे डां आर आर त्रिपाठी के द्वारा छात्रों को संचार मीडिया के विकाश के बारे मे बताया। जिससे छात्रों ने बड़े रुचि के साथ भाग लिया।संस्था के चेयरमैन ज्ञान सिंह सचिव विकास सिंह प्राचार्य डा राम रक्षा त्रिपाठी कुलसचिव आशीष तिवारी हिंन्छ लाल पटेल, हिमांशु कुमार द्विवेदी, विरेन्द्र सिंह, अरविंद पाण्डेय,आशुतोष तिवारी,रविन्द्र सिंह,मनीष सिंह,प्रेम चन्द्र राम,महिपाल सिंह,विवेक, सुप्रिया श्वेता, वर्षा, विनीत, शुभम, भोलानाथ, नरेंद्र, आनंद, राम सूरत बिंद,आर के मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 22 नवंबर को

**करछना।** इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के सभी विकास खण्डों में मा.सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी के सहयोग से वॉलीबाल पुरुष वर्ग, कबड्डी पुरुष व महिला वर्ग तथा खो-खो महिला वर्ग की खेल प्रतियोगिता " सांसद खेल स्पर्धा-2023 " के रूप में आयोजित की जा रही है। जिसमें विकास खंड करछना की वॉलीबाल प्रतियोगिता दिनांक 22 नवंबर 2023 को मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना में संपन्न होगी। जिसमें 16 से 25 वर्ष आयु तक के खिलाड़ी भाग ले सकेगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने ब्लॉक करछना के सभी न्याय पंचायत एवं स्कूल/कॉलेज की टीमों से अपील की है कि वे अपनी पूरी टीम के साथ 22 नवंबर 2023 को सुबह 9 बजे तक मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना में पहुँचकर ब्लॉक प्रभारी अखिलेश मिश्रा, शिक्षक श्री कृष्ण इंटर कॉलेज अमिलो,करछना से संपर्क करके अपने टीम की भागीदारी सुनिश्चित करा ले। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड मूल रूप में व फोटो कॉपी दोंनो साथ में लाना अनिवार्य है।

## पत्रकारिता सामाजिक सरोकारों की दिशा में हो : सुभाष शुक्ल

**लालापुर।** बारा तहसील मुख्यालय स्थित शिवम गेस्ट हाउस में पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ला ने कहा कि आज समाज के निचले पायदान पर स्थित व्यक्ति लाभकारी योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए पत्रकार निर्भीक होकर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी खबरों को प्रकाशित करें। समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि तहसील व जिला स्तर पर किसी भी दशा में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न मेरे रहते सम्भव नही है। प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2024 पत्रकारों का स्वर्णिम वर्ष साबित होगा। जिला महामंत्री आशीष मिश्र ने बताया कि संगठनात्मक परिदृश्य में सभी सदस्यों को अपना मत रखने का पूर्ण अधिकार है। तहसील संरक्षक महेश प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि अभिमान छोड़ स्वाभिमान से निडर होकर खबरों का प्रकाशन करना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने निर्भीकता से लेखनी की धार पर प्रकाश डाला। नईम अहमद ने संगठन की कार्यशाला आयोजन का सुझाव दिया। बैठक में प्रमुख रूप से ज्ञानेंद्र पाठक, आनंद जायसवाल, अनूप जायसवाल, रावेंद्र तिवारी, निर्भय शंकर दुबे ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सोनू भटनागर, नीरज केसरवानी, मनोज बिंद, माजिद अहमद, राकेश मिश्रा, राकेश कुशवाहा, पवन पाण्डेय, इंद्रजीत मिश्र, राहुल यादव, आलोक पाठक शनि यादव, रिवेंद्र सिंह, अर्पित त्रिपाठी, मयंक आदि रहे।

# जब अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब प्रभु का अवतार होता है : अशोकानंद शास्त्री

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह बभनियांव भोज का पूरा गांव में मुख्य यजमान रविंद्र नाथ पांडेय एवं सुशीला पांडेय के निवास पर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, पूरा कथा परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथावाचक अशोकानंद शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि जब-जब अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ महाराज ने श्रीकृष्ण की बाला लीलाओं एवं माखन चोरी, एवं गोपियों के साथ रासलीला पर प्रकाश डालते हुए गोवर्धन पर्वत प्रसंग पर प्रकाश डाला।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर महेंद्र नाथ पांडेय, कैलाश नाथ पांडेय, सुंदर लाल पांडेय, अजय पांडेय, विनय पांडेय, मनीष पांडेय, बच्चन मिश्रा प्रधान, अवधेश त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, सुनील तिवारी, मिथिलेश यादव, इमरान, इम्तियाज, रोहित तिवारी, रत्नेश पांडेय, अनुज पांडेय, विनय पांडेय, मनीष पांडेय, संदीप पांडेय, अरुण पांडेय, उपेंद्र पांडेय सुरेंद्र पांडेय, विक्की पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, अनिल पांडेय, सुषमा पांडेय, श्वेता पांडेय, सोनाली तिवारी, निधि पांडेय, दीक्षा पांडेय, संध्या पांडेय, शिवांश, आयांश, वेदांश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सहसों।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्त दिवसीय संगीत मय चल रही चंदौहां गांव में आयोजक दिनेश कुमार द्विवेदी एवं देवदत्त द्विवेदी के संयोजन में श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा व्यास विशुद्धानंद रूद्रावर्त श्री शंकराचार्य मठ अलोपी बाग प्रयागराज की अगुवाई में यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्र उच्चारण से वेदी पूजन एवं पूजित कलश के साथ भक्त नर नारियों ने पीत वस्त्र धारण कर गांव के विभिन्न गलियों में आधुनिक ध्वनियंत्रो द्वारा मंगल गीत गाते भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ मंडप पर समाप्त हुई। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए आचार्य का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म-जननांतर के पाप धुल जाते हैं तथा व्यक्ति को कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा से घर परिवार के साथ श्रवण करने वाले सभी भक्तों का कल्याण होता है। इसके उपरांत मुख्य यजमान श्रीमती शांता देवी एवं पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी ने व्यास पीठ, भागवत भगवान व आवाहित देवी देवताओं सहित यज्ञ मंडप में आरती उतारी तत्पश्चात उपस्थित भक्त अनुरागियों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर पंडित यज्ञ नारायण द्विवेदी, पंडित रमेश कुमार द्विवेदी, विनोद कुमार, संतोष कुमार, ब्रह्मदेव द्विवेदी, संजय कुमार, देव कुमार, विजय कुमार, नीरज द्विवेदी, बृजेश, प्रकाश, अजय सहित आदि भक्त नर नारियों ने उपस्थित होकर कलश यात्रा में शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सात जनवरी को होगी अपर निजी सचिव परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने अपर निजी सचिव (एपीएस) परीक्षा-2023 की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा सात जनवरी 2024 को प्रदेश के पांच जिलों में आयोजित की जाएगी। एपीएस के पदों पर 10 साल बाद भर्ती होने जा रही है।यूपीपीएससी ने एपीएस के 328 पदों पर भर्ती के लिए 19 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किया था। आवेदन की अंतिम तिथि 19 अक्तूबर निर्धारित की गई थी। आवेदन के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य किया गया था। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ओटीआर की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके और उनके आवेदन स्वीकृत नहीं हुए। लाखों की संख्या में अभ्यर्थियों के ओटीआर करने से पोर्टल पर दबाव लगातार बना रहा।ऐसे में आयोग को तीन बार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ी। पहली बार 26 अक्तूबर, दूसरी बार दो नवंबर और तीसरी बार 16 नवंबर तक आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई। आयोग ने अब परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। अभ्यर्थियों का चयन तीन चरणों की परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा और पहले चरण की परीक्षा सात जनवरी 2024 को होगी।परीक्षा सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक की पाली में पांच जनपदों प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर नगर और मेरठ के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण की परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा 150 अंकों की होगी और प्रश्न हल करने के लिए तीन घंटे का वक्त मिलेगा। इसमें 50 अंकों के सामान्य ज्ञान, 50 अंकों के सामान्य हिंदी और 50 अंकों के कंप्यूटर ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।पहले चरण के परीक्षा परिणाम में पदों की संख्या के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थी सफल घोषित किए जाएंगे और सफल अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा में शामिल होंगे। दूसरे चरण में आशुलिपि (हिंदी) और कंप्यूटर टाइप की परीक्षा होगी। दूसरे चरण में सफल अभ्यर्थी तीसरे चरण में कंप्यूटर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होंगे। तीनों चरणों की परीक्षा के अंकों को जोड़कर श्रेष्ठता के आधार पर चयन किया जाएगा।

# न्यायिक कार्यों के सम्पादन में न्यायमूर्तियों और अधिवक्ताओं का मिला अतुलनीय सहयोग : मुख्य न्यायाधीश

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का विदाई समारोह आयोजित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की ओर से सोमवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और संचालन उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय महासचिव नितिन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र न्यायमूर्ति अजय भनोट हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महासचिव नितिन शर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महासचिव नितिन शर्मा ने मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर का माल्यार्पण



पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने विदाई समारोह के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने न्यायिक कार्यों के सम्पादन के दौरान बहुत मदद की। बार एसोसिएशन के लिए कुछ और बेहतर कर सकें यही मेरी उनसे अपेक्षाएँ हैं। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा में बारे बताते हुए कहा कक्षा आठ तक सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। पिता के सानिध्य में साहित्य और अंग्रेजी का गहन अध्ययन किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानान्तरण के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति द्वारा यह अवगत कराया गया कि वकालत और न्यायमूर्ति के क्षेत्र में यदि आपने इलाहाबाद नही देखा तो कुछ नही देखा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं की ओर इशारा करते हुए कहा न्याय के क्षेत्र में यहाँ जो कुछ मुझे मिला उसे सम्भाल कर रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी होगी।न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पूरे प्रदेश की जनता की आस्था और विश्वास का केन्द्र है। यह भविष्य में इसी तरह कायम रहे। इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। मुख्य न्यायमूर्ति बार एसोसिएशन के लिए क्या कुछ कर सकें यह हमेशा उनके मन में रहा है। न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अपने बीच आकर एक सुखद अनुभूति होती है। हम लोग तो मौका तलाशते रहते हैं अपनों के बीच आने का। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति बार एसोसिएशन के हित में कार्य रहा हो उसको पूर्ण करने में हमेशा आगे रहे हैं। कोविड 19 के दौरान भी किसी को भी निराश नही होने दिया और बिना समय व्यतीत किए न्यायिक कार्य शुरू किया और जिस जज्बे साथ वह न्यायिक कार्यों के सम्पादन में आगे रहे ठीक उसी प्रकार से एक कुशल खिलाड़ी के रूप में भी उनका जज्बा कायम रहा।न्यायमूर्ति अजय भनोट ने कहा कि किस प्रकार से हम एक दूसरे के दिल को छू जाएं इस तरह का मौका तलाशते रहते हैं। हम लोगों का जो दृष्टिकोण रहा उससे प्रेरित होना स्वाभाविक है। मुख्य न्यायमूर्ति से उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। जो मेरे जीवन में चिर स्थायी रहेगा। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति चाहे वह न्याय कक्ष में हों या न्याय कक्ष के बाहर हों जिस आत्मीयता के साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की समस्याओं का निराकरण करते रहे यह सम्पूर्ण हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। वकालत के तीस वर्षों के दौरान आप जैसा मुख्य न्यायमूर्ति नही देखा। संयुक्त सचिव प्रेस अमरेन्दु सिंह ने मुख्य अतिथि और अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव आशुतोष पाण्डेय अशोक कुमार त्रिपाठी अजय कुमार मिश्र अरविन्द कुमार श्रीवास्तव स्वर्ण लता सुमन सर्वेश कुमार दुबे अजय सिंह अमरेंदु सिंह अंजना चतुर्वेदी आशीष कुमार मिश्र प्रीति द्विवेदी सरिता सिंह अभ्युदय त्रिपाठी विनोद राय अमित कुमार पाण्डेय ओम प्रकाश विश्वकर्मा अरविन्द कुमार सिंह अरूण कुमार त्रिपाठी आशुतोष मिश्र सुधीर कुमार केसरवानी साइमा सहेर अनिरूद्ध ओझा अनिल कुमार मिश्र गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को बनाया गया कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वह 22 नवंबर को अपना नया दायित्व संभालेंगे। उन्हें यह दायित्व मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर के सेवानिवृत होने की वजह से सौंपा गया है। भारत सरकार के विशेष सचिव राजेंद्र कश्यप की ओर से इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूर्ण हुआ छठ पर्व

## संगम सहित सभी घाटों पर उमड़ी भीड़





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सूर्योपासना का पर्व डाला छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को पूर्ण हो गया। व्रती महिलाओं ने पति के दीर्घायु और परिवार की मंगल कामना को लेकर विधि विधान से पूजन कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर भोर से ही महिलाओं की भीड़ जुट गई थी। पानी में खड़े होकर व्रती महिलाओं ने भगवान भास्कर के उदय होते ही उन्हें अर्घ्य दिया।भगवान को फल, सब्जियों सहित विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाकर आरती उतारी गई। इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य होने का आशीर्वाद दिया। घाट से लेकर शहर तक मेले जैसा नजारा रहा। संगम सहित बलुआ घाट, दशाश्वमेध घाट, दारागंज, किला घाट, अरैल घाट, वोट क्लब, राम घाट, काली घाट, कोहड़ार घाट आदि घाटों पर काफी भीड़ रही। ढोल-नगाड़े और बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए भक्त गंगा-यमुना तट पर पहुंचे। परिवार के पुरुष सदस्य प्रसाद की टोकरी सिर पर रखकर पूजन के लिए पहुंचे। पूजन अर्चन के बाद एक दूसरे को प्रसाद प्रदान किया गया। कोहड़ारघाट क्षेत्र के लालतारा, सिलौधी, हरदिहा, श्याम नगर, भइयां आदि गांव में डाला छठ महापर्व के चौथे दिन व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर संतान, सुहाग की दीर्घायु और घर परिवार की सुख शांति को लेकर छठ मइया की पूजा अर्चना की। डाला छठ के पर्व पर नहर नदियों, जलाशयों के किनारे सोमवार भोर से ही छठ मैया की भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्तों ने टेंट पंडाल लगाकर डीजे और बैंड पार्टी के साथ रात भर नाचते गाते जागरण किया। सुबह में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना किया और प्रसाद वितरण किया। इस पूजा में युवक, युवतियों से लेकर बुजुर्गों तक निर्जला व्रत रहकर पानी में खड़े होकर सूर्य अर्घ्य देते हुए पूजा पाठ किया।

### जैसे ही भगवान सूर्य का उदय हुआ जयकारों के साथ जलधारा के बीच महिलाओं ने दिया अर्घ्य





**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर लोक आस्था का महापर्व छठ के चौथे दिन व्रती महिलाओं ने आधी रात से गंगा और यमुना घाट पर पहुंच कर छठी मईया की पूजा अर्चना शुरू की। यमुना की जलधारा के बीच खड़े होकर उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए इंतजार मे खड़ी रहीं। जैसे जैसे भोर हो रही थी सभी की निगाहें भगवान भास्कर की ओर टिकी रहीं। जैसे ही सूर्य देव ने झांका जयकारों के साथ व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्ध्ध दिया। इसके बाद सुहागिनों ने एक दूसरे को सिंदूर टीककर अचल सुहाग की कामना की। उगते सूर्य को अर्य देने के बाद भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद महापर्व छठ की समाप्ति हो गई। उपवास करने वाले व्रती महिलाओं ने भी अन्न जल ग्रहण किया। आज तड़के ही लोग घाट पर एकत्रित होने लगे थे। सूयोदय तक छठ मइया की पूजा की गई। पिर उगते सूर्य को अर्ध्ध दिया। इसके बाद महिलाओं ने अपने अपने घरों में पूजा करने के बाद उपवास तोड़ा। इस तरह चार दिवसीय छठ महापर्व का ढोल, नगाड़ों और गीतों के बीच उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर। संध्या देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार ने व्रत को पूरा किया। व्रती महिलाओं ने अपने पुत्र और पति के साथ परिवार के मंगलकामना के लिए आशीर्वाद मांगा। बिहार से नैनी में परिवार के साथ अपने निवास पर आइ जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार संध्या देवी व समाजसेवी सुधीर शर्मा ने अरैल घाट पर पूजा अर्चना किया उगते हुए सूर्य को दिया अर्घ्य सारे देश व बिहार वासियों को दी छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

### छठ पूजा के आखिरी दिन प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही तैनात



**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर छठ पूजा पर्व पर सोमवार को अरैल घाट पर व्रती महिलाओं की उमड़ी भीड़। महिलाओं ने उगते सूरज को अर्घ्य दिया। महापर्व छठ पर्व पर अरैल घाट पर भक्तजनों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम अरैल घाट पर तैनात रही। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, वीरेंद्र पटेल, राम जी जयसवाल, सुशील शर्मा, राजू सहनी, संजीव कुमार, रामजी गौड़, तौसीफ खान, दिनेश कुमार सोनकर आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### महाकुंभ से पहले तीन गुना बड़ा होगा एयरपोर्ट

**प्रयागराज।** तीर्थराज में 2025 में महाकुंभ लगना है। जम्मू से लेकर चेन्नई और असम से लेकर अहमदाबाद तक के शहरों को संगम नगरी से जोड़ा जाएगा। यानी प्रयागराज से चारों दिशाओं में बड़े शहरों के लिए हवाई सेवा मिलेगी।विमानों की संख्या बढ़ाने से पहले एयरपोर्ट पर विमानों के खड़े होने की जगह, यात्रियों के बैठने के लिए अतिरिक्त इंतजाम होने हैं। इसके लिए प्रयागराज एयरपोर्ट का ढांचा बदलने का क्रम शुरू हो गया है। मौजूदा एयरपोर्ट को तीन गुना बड़ा आकार दिया जाएगा।एयरपोर्ट विस्तारीकरण का कार्य विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर कर रहा है और नवंबर 2024 तक पूरा कर लेना है। इस कार्य में एयरपोर्ट विस्तारीकरण की कुल लागत 152.87 करोड़ रुपये है। अभी एयरपोर्ट 6700 वर्गमीटर में मौजूद है लेकिन विस्तार के बाद यह 20830 वर्ग मीटर में फैल जाएगा।

इससे यहां पर यात्री क्षमता लगभग छह गुना बढ़कर 2970 यात्रियों (1485 आगमन और 1485 प्रस्थान) के एक साथ बैठने की हो जाएगी।वहीं, मुख्य टर्मिनल अभी 88 मीटर का है। इसे विस्तारित कर 248 मीटर का बनाया जाएगा। यानी मुख्य टर्मिनल की लंबाई 160 मीटर बढ़ाई जाएगी। प्रयागराज एयरपोर्ट से नौ शहरों के लिए विमान सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश, बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर की सरकारी योजनाओं को हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा वृंदावन ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर की सरकारी योजना को हरी झंडी दे दी है। साथ ही कहा है कि राज्य सरकार कानूनी प्रक्रिया के तहत दर्शन प्रभावित किए बगैर अपने धन से लोक व्यवस्था, जन स्वास्थ्य, सुरक्षा और जन सुविधा प्रदान करने का अपना दायित्व पूरा करे। कोर्ट ने साफ कहा कि मंदिर के बैंक खाते में जमा 262.50 करोड़ रुपये को न छुआ जाए। साथ ही मंदिर प्रबंधन में हस्तक्षेप न हो। कोर्ट ने मंदिर प्रबंधन को भी कहा है कि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन करने से प्रतिबंधित न करें। जिला प्रशासन आदेश का पालन सुनिश्चित कर अगली सुनवाई की तिथि 31 जनवरी 2024 को अपनी रिपोर्ट पेश करे। कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में मिला धार्मिक अधिकार पूर्ण नहीं है। यह मौलिक अधिकार कुछ हद तक लोक व्यवस्था के अधीन है। उचित अवरोध लगाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा लोकहित का कार्य पंथ निरपेक्षता का क्रियाकलाप है।कोर्ट ने सरकार को कहा कि तकनीकी विशेषज्ञ की सहायता से गलियों का अतिक्रमण हटाकर कॉरिडोर योजना अमल में लाएं। दोबारा अतिक्रमण न हो, अगर अतिक्रमण होता है तो तुरंत कार्रवाई की जाए। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अनंत कुमार शर्मा व अन्य की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता श्रेया गुप्ता, सेवायतों की तरफ से संजय गोस्वामी, राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि आदि ने बहस की। गोस्वामियों की तरफ से याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति की गई कि यह निजी मंदिर है। सरकार को इसके प्रबंधन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार मंदिर के बाहर कॉरिडोर योजना बनाती है तो उन्हें आपत्ति नहीं है। मंदिर के चढ़ावे को सरकार न ले। विकास मद में अपने बजट से धन खर्च करे।पर्व के समय होने वाली पांच लाख की भारी भीड़ व अव्यवस्था से श्रद्धालुओं की मौत की घटना को देखते हुए लोक व्यवस्था और सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। कुंज गली और कुछ पौराणिक महत्व के मंदिरों को नुकसान न पहुंचाने और पुरातात्विक महत्व को बरकरार रखने की भी कुछ सेवायतों की तरफ से दलील दी गई। 31 मार्च 1939 की कोर्ट डिक्री का भी हवाला दिया गया।सरकार ने 20 अगस्त 22 को अनियंत्रित भीड़ के कारण दो श्रद्धालुओं की मौत व कई के घायल होने पर पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की अध्यक्षता में कमेटी गठित की और भीड़ प्रबंधन की योजना तैयार की। भीड़ प्रबंधन को लेकर हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर नारायण का एक आयोग भी गठित किया। सरकार ने मंदिर कॉरिडोर योजना पेश की, लेकिन वह मंदिर के चढ़ावे को खर्च करना चाहती थी। कोर्ट ने इसकी अनुमति नहीं दी है और कहा अपने खर्चे पर योजना पर अमल करें।कोर्ट ने कहा मानव जीवन किसी की आपत्ति पर असुरक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। भले ही निजी मंदिर हो, यदि श्रद्धालुओं की अनियंत्रित भीड़ दर्शन को आती है तो सरकार का दायित्व है कि वह लोक व्यवस्था और जीवन सुरक्षा के कदम उठाए।

# बृजेश सिंह को बड़ी राहत, सिकरौरा कांड में बरी किए जाने को हाईकोर्ट ने सही करार दिया, चार को उम्रकैद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के बलुआ थाने में 36 साल पहले हुए सिकरौरा कांड में सत्र अदालत द्वारा बरी सभी 13 अभियुक्तों में से चार पंचम सिंह, वकील सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह और राकेश सिंह को उम्रकैद एवं 75 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही पूर्व एमएलसी और माफिया डॉन बृजेश सिंह व पांच अन्य अभियुक्तों को सत्र न्यायालय द्वारा बरी किये गए फैसले को सही करार दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सत्र न्यायालय के फैसले में कोई कमी नहीं है। निर्दोष करार दिए जाने वालों में रामदास उर्फ दीना सिंह, कन्हैया सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय सिंह, मुसाफिर सिंह का नाम शामिल है।कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयान में विरोधाभास है, इसलिए इन्हें बरी किया जाता है, जबकि, चार के खिलाफ अपराध में लिप्त होने का पर्याप्त साक्ष्य है, इसलिए उनको बरी करने का सत्र न्यायालय का आदेश विधि संगत नहीं है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने शिकायतकर्ता हीरावती व अभियुक्त व राज्य सरकार की अपील में से कुछ को आंशिक रूप से स्वीकार कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि सजा पाने वाले चार अभियुक्तों को टॉर्च की रोशनी में पहचान लिया गया था। शेष अभियुक्तों को अंधेरे की वजह से पहचान नहीं जा सका।

**एक ही परिवार के सात लोगों की हुई थी हत्या** : चंदौली जिले में 36 साल पहले ए ही परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बृजेश सिंह के मामले में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने माफिया बृजेश सिंह समेत नौ आरोपियों को आरोप मुक्त करते हुए उन्हें सजा दिए जाने से इनकार कर दिया। हालांकि इसी मामले में हाईकोर्ट ने बृजेश सिंह के साथ आरोपी बनाए गए चार अन्य लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी है। यह चारों आरोपी भी बृजेश सिंह के साथ निचली अदालत से बरी हो गए थे।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार आरोपी देवेंद्र सिंह, वकील सिंह, राकेश सिंह और पंचम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि इन चारों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त आधार है, इसलिए इन्हें आजीवन कारावास की सजा दी जाती है। एक ही परिवार के सात लोगों की सामूहिक हत्या में इन्हीं चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा है कि इन चारों आरोपियों को छोड़ जाना सही नहीं था। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस अजय भनोट की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया।

**नौ नवंबर को कोर्ट ने सुरक्षित कर लिया था फैसला** : इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने नौ नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। पीड़ित परिवार की महिला हीरावती और यूपी सरकार ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने साल 2018 में दिए गए फैसले में माफिया बृजेश सिंह समेत सभी 13 आरोपियों को बरी कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। पीड़ित परिवार की महिला हीरावती की तरफ से अदालत में उनके अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय दलीलें पेश की थीं।

**डे टू डेट हो रही थी फाइनल हियरिंग** : 37 साल पहले हुए नरसंहार मामले में हाईकोर्ट में पिछले कुछ दिनों से डे टू डे बेसिस फाइनल हियरिंग कर रही थी। पीड़ित महिला हीरावती के पति, दो देवर और चार मासूम बच्चों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। तत्कालीन वाराणसी जिले के बलुआ थाना क्षेत्र की घटना थी। बलुआ थाना घटनास्थल बाद चंदौली जिले में आ गया था। हत्या का आरोप माफिया बृजेश सिंह और उसके 13 अन्य साथियों पर लगा था। चार नामजद वा अन्य अज्ञात के खिलाफ वाराणसी जिले के बलुआ पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज है। आईपीसी की धारा 148, 149, 302, 307, 120बी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। 10 अप्रैल साल 1986 की यह घटना है। इस मामले में जांच पूरी होने के बाद बृजेश सिंह समेत कल 14 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# संविलियन विद्यालय होलापुर में आयोजित हुई शिक्षा चौपाल

**प्रयागराज।** विकास खण्ड धनूपुर के संविलियन विद्यालय होलापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉ प्रभा शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू किया गया जिसे प्राथमिक विद्यालय कांगापुर के बच्चों ने प्रस्तुत किया। चौपाल में बच्चों के अभिभावकों से सीधा संबाद किया जाता है। ऐसे बच्चे जो प्रत्येक दिन विद्यालय नही आते उनके सम्बन्ध में चर्चा एवम परिचर्चा किया गया। यह चौपाल शासन की शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। चौपाल में बोलते हुए डॉ पाण्डेय ने डीबीटी,बच्चों का विद्यालयों में ठहराव, दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति,



निपुण विद्यालय बनाने पर कार्ययोजना, विद्यालय को जनसामान्य से जोड़ने आदि बिन्दुवों पर चर्चा किये तथा निपुण बच्चों को पुरस्कृत भी किये।कार्यक्रम में शिक्षक नेता अफरोज अहमद ने भी अपने विचार को रखे। कार्यक्रम का संचालन रागिनी शर्मा ने किया, कार्यक्रम में ग्राम प्रधान लाल जी बिंद, एसएमसी अध्यक्ष मुरलीधर, मालती यादव, कनैय्या लाल, बिनीता, दीपचंद, शैलेन्द्र मौर्या, अखिलेश शर्मा, सुरेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दर्ज मुकदमे में फैसला हाईकोर्ट ने सुरक्षित कर लिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ आचार संहिता का मुकदम दर्ज कराया गया था। सोमवार को इस मामले में बहस पूरी हुई। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है।चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मऊ में दर्ज मुकदमे के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें दोनों पक्षों की ओर से कोर्ट के सामने दलीलें पेश की गईं। बहस पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। कोर्ट ने पिछली सुनवाई पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ा दी थी। विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान आचार संहित उल्लंघन का मऊ के दक्षिण टोला एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामला एमपीएमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ में विचाराधीन है। अब्बास अंसारी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चार्जशीट और आगे की कार्रवाई रद्द करने की मांग की है।अब्बास अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार करने के लिए गाड़ियों का काफिला निकाला। पूछने पर उन गाड़ियों की चुनाव प्रचार के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। 12 फरवरी 2022 को इस मामले में अब्बास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। याची अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि याची के खिलाफ सियासत के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। याची ने गाड़ियों का काफिला नहीं निकाला, वह केवल जनसंपर्क अभियान पर थे। जिन गाड़ियों को प्रचार में ले जाने की अनुमति दी गई थी, उसी को ले जाया गया था। जस्टिस राजबीर सिंह की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है।

# युवकों को मिली दूसरी जिंदगी तो कर दी यह बड़ी पहल...

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यातायात महीने में प्रयागराज के रहने वाले कुछ लोगों ने एक मिसाल पेश की है एक ऐसी मिसाल जिसको शायद ही आपने कभी देखा या सुना होगा। दरअसल कुछ हफ्तों पहले ट्रैफिक नियम की अनदेखी करने वाले अजय और दुर्गेश रोड एक्सीडेंट का शिकार हो गए थे, जिससे उनको काफी चोटे आई, एक्सीडेंट के बाद उनको यह लगने लगा कि यह उनकी दूसरी जिंदगी है और जरा सी लापरवाही के चलते लोग अपनी जान का वहां बैठते हैं ऐसे में अपनी गलती को मानते हुए उन्होंने फैसला किया कि वह लोग को जागरूक करने के लिए कुछ ऐसा करना चाहेंगे की गूंज देश और प्रदेश तक जाए। इसी दौरान उन्होंने फैसला लिया कि पुलिस के आलाधिकारियों के पास जाकर वह एक पोस्टर का विमोचन करेगें , विमोचन के माध्यम से प्रदेश भर में लोग जागरूक होंगे । ऐसे में अस्पताल में दुर्गेश की मुलाकात प्रयागराज के ही रहने वाले समाजसेवी पंकज रिजवानी से हुई और उन्होंने पूरे घटनाक्रम को बताया। पंकज रिजवानी ने उनकी बात पर सहमति जताते हुए उन्ही के ही पसंदीदा आईपीएस अधिकारी से पोस्टर विमोचन की बात कही। दोनों पीड़ितों ने आईपीएस और डीजी फायर अविनाश चंद्र के हाथों पोस्टर विमोचन करने की इच्छा जताई। अजय और दुर्गेश का कहना था कि अगर ऐसे तेज तर्रार आईपीएस जागरूक पोस्टर का विमोचन करेंगे तो काफी लोग जागरूक होंगे। इसी बीच पंकज रिजवानी के साथ अजय और दुर्गेश पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां आईपीएस और डीजी फायर अविनाश चंद्र ने अन्य अधिकारियों के साथ



पोस्टर का विमोचन किया। आईपीएस अविनाश चंद्र ने विमोचन करने के बाद दोनों को हेलमेट दिया और यातायन नियमों का कढ़ाई से पालन का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि यातायात नियम की अनदेखी और लापरवाही के चलते हर दिन देश में सैकड़ो लोगो की मौत होती है। आईपीएस अविनाश चंद्र ने बताया कि जैसे ही उनको पता चला कि कुछ लोग उनसे इस तरह का विमोचन करना चाहते हैं तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से हामी भर दी। आईपीएस अविनाश चंद्र का कहना है कि लोग अपनी गलती को मान ले और दोबारा उस गलती को ना करें यह एक बड़ी बात है । जिस तरीके से प्रयागराज से आए दोनों युवकों ने अपनी गलती मान करके अन्य लोगों को जागरूक करने की पहल की है वह सराहनीय है, उधर समाजसेवी पंकज रिजवानी की भी उन्होने सराहना की है कि उनके द्वारा लगातार ऐसे अच्छे कार्य जारी है।

# ब्लाक कालाकांकर में आठ लाभार्थियों को मिला प्रधानमंत्री आवास की चाभी, चेहरे खिले

## बीडीओ कालाकांकर व ब्लाक प्रमुख ने लाभार्थियों को दी आवास की चाभी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास के तहत हर गरीब को पक्का घर देने की योजना का लाभ ब्लाक कालाकांकर मे शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिल रहा है।

विकास खंड कालाकांकर के सभागार कक्ष मेंसोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास दिवस मनाया गया जो 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आवास सप्ताह के रूप मे मनाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज के साथ पंचायत सचिव श्रीराम ने 8



प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थी को चाभी देते बीडीओ कालाकांकर व ब्लाक प्रमुख।

लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाभी वितरण किया जिसमे लगभग 80 आवास के लाभार्थी विकास खंड के सभागार में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन मनदीप कुमार साहू (कंप्यूटर ऑपरेटर आवास) द्वारा किया गया। लाभार्थियों को आवास की चाभी मिलते ही खुशी से चेहरे खिल उठे। आवास मिलने वाले लाभार्थी पूजा पत्नी धर्मराज बरियावां, रुबीना पत्नी अफसर मुरस्सापुर, शाहीना बानो पत्नी महफूज मुरस्सापुर, मीरा देबी पत्नी छेदीलाल संग्रामपुर, विमलेश पुत्र प्रहलाद संग्रामपुर, बीनू देबी पत्नी रामप्रसाद संग्रामपुर, रामबहादुर पुत्र ननकू संग्रामपुर, संगीता पत्नी जीतलाल हिनाहू को आवास की चाभी दी गई। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी प्रभांशु पांडे, राम प्रताप यादव, सुशील जायसवाल, व्यास कुमार मौर्य आई एस बी, रवि शंकर सोनकर, आफताब अहमद, अनुराग यादव, अभिषेक शुक्ला, कु0 ज्योति, उर्मिला व ग्राम प्रधान आलापुर, सियाराम मौर्य, भाई लाल मौर्य, बड़गौ अर्जुन कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान संग्रामपुर जोखू यादव ग्राम प्रधान त्रिलोचनपुर राम विशाल ग्राम प्रधान कंदई फूलचंद पाल, सुरेश यादव सोनामऊ, संजय त्रिपाठी हिनाहू, युवराज साहू, प्रकाशचन्द्र त्रिपाठी, मोनू, राजकुमार, अनिल मौर्य, राकेश कुमार, प्रभाकर पटेल, कुलदीप जायसवाल, प्रमोद कुमार, विकास सोनकर, डा0 सतपाल वर्मा, मनोज त्रिपाठी, योगेश, शिवप्रकाश, पन्नालाल, संदीप, सत्यनारायन, तालुकदार सिंह, प्रदीप गुप्ता, संतोष यादव, सुधीर सिंह, शरद श्रीवास्तव, रामखेलावन पटेल, राकेश सरोज मिश्रपुर, बब्लू यादव, गेंदलाल, अजय कुमार, डा0 मनोज पटेल, सहित अन्य ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी के प्रति आभार ब्यक्त किया।

# हजारों व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरी की छठ पूजा

## बेल्हा देवी के चारों घाटों पर महिलाओं की उमड़ी थी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोक आस्था के महापर्व छठ आज प्रातः उगते सूर्य को हजारों महिलाओं ने बेल्हा देवी घाट पर अर्घ्य देकर उसका समापन किया। आज प्रातःकाल वह सभी महिलाएं आई थी, जो डूबते सूर्य को अर्घ्य दी थीं। वह भोर में ही अपनी पूजा सामग्री लेकर बेल्हा देवी घाट पहुंच गई थी।

कल शाम को और आज सूर्य को अर्घ्य देने वालों में अपर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता भी शामिल थीं जिन्होंने विधि विधान से छठ पूजा में हिस्सा लिया। आज सोमवार को प्रातःकाल पांच बजे से ही भीड़ आना शुरू हो गई थी तो सूर्य की लालिमा फटते ही हजारों की संख्या में महिलाएं अपनी बेदी से उगते



बेल्हा देवी घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।

सूर्य को अर्घ्य देकर अपने पति तथा परिवार के खुशहाली की कामना की। इस तरह खरना के बाद शुरू हुआ 36 घंटे का निराजली व्रत भी पूरा हुआ। छठ पूजा की इस भीड़ में सादी वर्दी में पुलिस और महिला पुलिस तैनात थी जो महिलाओं को सुव्यवस्थित ढंग से आने-जाने में मदद कर रही थी। व्रती महिलाओं की मदद करने के लिये उनके घर के पुरुष भी आए थे। इससे भीड़ कई गुना बढ़ गई थी।

# कल्पवृक्ष (पारिजात) का दर्शन करने सदहा गांव पहुंचे पूर्व मंत्री मोती सिंह

## कई अद्भुत वृक्षों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार शाम पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप मोती सिंह एवं उनके प्रतिनिधि विनोद पांडेय साथ में पट्टी कोतवाल अर्जुन सिंह एवं प्रमुख बाबा बेलखरनाथ धाम सुशील सिंह सदहा गांव अखिलेश पांडेय के निवास पर कल्पवृक्ष (पारिजात) का दर्शन करने पहुंचे।

पूर्व मंत्री विधिवत कल्पवृक्ष का दर्शन पूजन किया। उन्होंने कल्पवृक्ष का माहात्म्य बताते हुए कहा कि हमलोगों को यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे क्षेत्र में कल्पवृक्ष का पेड़ लगा हुआ है। यह हमारे बड़े सौभाग्य की बात है और वहां पर लगे हाइब्रिड लौकी, सफेद चंदन, काला चंदन, रुद्राक्ष, हींग, इलायची, लौंग, बादाम, काली हल्दी, सफेद हल्दी, पीली हल्दी, सेब आदि कई अद्भुत वृक्षो का निरीक्षण किया। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए सुरेश की सराहना की। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस तरह के पेड़ पौधे कहीं कहीं ही देखने को मिलते हैं। उन्होंने लोगों को प्रकृति के प्रति सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पट्टी एसडीएम पेशकार संजीव सिंह, पंकज सिंह, नीरज



कल्पवृक्ष (पारिजात) का निरीक्षण करते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

मिश्र, देवनारायण पांडेय, धर्मेंद्र यादव, सुग्रीव यादव, रमेश पांडेय, पंकज पांडेय, प्रह्लाद दूबे, भारत, विजय यादव प्रधान, चन्द्रप्रकाश तिवारी आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी को लेखाकार बनाये जाने पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के लेखा विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा लेखा विभाग में भ्रष्टाचार व्यापक है और अवैध वसूली के लिए लेखा विभाग में कॉलेज से 5 साल पहले रिटायर हुए एक बाबू को लेखा विभाग की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा विभाग में कर्मचारी की कमी होने से कर्मचारियों को अटैच करके काम चलाया जाता है लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लेखा विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में 5 साल पहले रिटायर हुए को लेखा विभाग सौंप दिया गया है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

# कानून के राज में समाजसेवी संस्था की भूमि पर कब्जा संभव नहीं: राम प्रकाश तिवारी

## स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु आजीवन मासिक पेंशन वितरण सामारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को दिन में संस्था की विवादित भूमि की रक्षा हेतु सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा आयोजित सामूहिक प्रार्थना सभा के साथ संसार में मानवता की रक्षा के लिए स्वस्थ समाज के निर्माण एवं स्वस्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना हेतु अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह संपन्न हुआ।

उक्त समारोह के मुख्य अतिथिगण क्रमशः प्रतिष्ठित व्यवसायी राम प्रकाश तिवारी, शिक्षक अशोक कुमार तिवारी एवं समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव के साथ शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्रा कु० प्रतीक्षा पाण्डेय को अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी सामाजिक संघ द्वारा सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया।

मुख्य अतिथि राम प्रकाश तिवारी द्वारा कहा गया कि कानून के राज में समाजसेवी संस्था की भूमि पर कब्जा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संस्था की विवादित



सम्मानित लोगों के साथ अम्मा साहब ट्रस्ट के पदाधिकारीगण।

भूमि के विरुद्ध लम्बे समय में गहरी साजिश करने वालों की निंदा पूरा समाज कर रहा है। मुख्य अतिथि संगीत शिक्षक अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि जब कभी न्याय का चक्र घूमेगा और कानून का चाबुक चलेगा तब संस्था की भूमि पर अवैध निर्माण करने वालों को उसे स्वयं ही गिराना भी होगा। मुख्य अतिथि समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि धनी एवं संपन्न परिवार के लोगों ने संस्था की भूमि के विरुद्ध लम्बे समय में गहरी साजिश की। समारोह के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि समाजविरोधी कृत्य करने वालों का यश, कीर्ति और धन उनके काम नहीं आता है। उक्त अवसर पर ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि जब तक खुले समाज में एक भी व्यक्ति ऐसा है जिसे सम्मान पेंशन से विभूषित नहीं किया जा सका है तब तक उनका कार्य अधूरा है। शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों द्वारा मधुर गीत एवं संगीत के साथ प्रार्थना की गयी तथा संस्था की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का संचालन वैभव पाण्डेय द्वारा किया गया एवं ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सुनील कुमार सिंह द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर डॉ० शाहिदा, शैलेन्द्र मिश्र, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, रवि खंडेलवाल, राजेश नारायण मिश्र, श्याम शंकर शुक्ल श्याम, विनोद कुमार पाण्डेय, नित्या त्रिपाठी, मीना मौर्य, लक्ष्मी सिंह, मनप्रीत कौर, सुमेधा श्रीवास्तव, नंदिनी श्रीवास्तव, रेखा ओझा, शालिनी कौशल, संतोष कुमार ओझा, प्रेम प्रकाश मिश्र, अब्दुल बासित, प्रभाकर पाण्डेय, अजय तिवारी, पी०एन० पाण्डेय, निकेश कुमार सरोज, वरिजाक्ष मिश्र, कमलेश कुमारी तिवारी, कुसुमलता श्रीवास्तव, रोहित कुमार, मीना मौर्य, प्रताप सिंह, ओ0पी0 गुप्ता, कल्पना तिवारी, शमशेर बहादुर सिंह, आशीष कुमार रावत, रियाजुद्दीन, शिवम् तिवारी, अंकित श्रीवास्तव, राम आसरे त्रिपाठी, सहित शारदा संगीत महाविद्यालय के तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

## पांच-पांच हजार रुपये अर्थदण्ड लगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम सुमित पवार ने अभियुक्तगण नन्हे लाल सुत राम दयाल, लाल बहादुर परमा सुत राम दयाल वर्मा, जगन्नाथ वर्मा सुत राम दयाल निवासीगण अतरौरा, थाना आसपुर देवसरा को हत्या के आरोप में प्रत्येक को आजीवन कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

बता दें कि राजेन्द्र प्रसाद वर्मा सुत मोतीलाल वर्मा थाना आसपुर देवसरा ने तहरीर देकर यह आरोप लगाया था कि प्रार्थी का घर व मेरे पड़ोसी नन्हे लाल, लाल बहादुर व जगन्नाथगण सुत राम दयाल वर्मा, संतोष, नन्हे लाल वर्मा का घर अगल-बगल है तथा बीच में कुछ जगह छूटी है जिसमें नन्हे लाल ने छप्पर रख दिया था।

उसी छप्पर के सम्बन्ध में मेरे पिता मोतीलाल वर्मा व मेरे चाचा देव नारायण ने 11 मई 2004 को उपरोक्त लोगों के कहने पर कोलिया में रखे छप्पर को हटा लो, नहीं तो बरसात का पानी दीवार पर गिरेगा। इसी पर कहासुनी हुई और करीब दस बजे रात को चार लोग क्रोधित होकर मेरे पिता और चाचा को लाठी डण्डे से मारने-पीटने लगे जिससे मेरे पिता और चाचा को गहरी चोट लगी। शोर सुनकर चचेरे भाई रविशंकर तथा मौसी का लड़का सहित तमाम लोग आ गये तो अभियुक्तगण भाग गये। अस्पताल जाने पर दोनों की मौत हो गई। दोनों पक्षों की बहस व सबूतों की पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता कांशीराम द्वारा करने पर न्यायाधीश ने आज यह आदेश जारी किया।

## दहेज हत्या के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एफटीसी सुमित पवार ने अभियुक्त कामता प्रसाद उर्फ शैलेश सुत लल्लन निवासी भगवतगंज थाना मानधाता को दहेज हत्या को आरोप में दस वर्ष का कठोर कारावास तथा दहेज लेने के आरोप में तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियुक्त लल्लन व प्रेमा देवी को दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त कामता की सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी और जेल में बिताई अवधि समायोजित की जाएगी। बता दें कि बच्चे लाल सोनी सुत स्व0 जमुना प्रसाद निवासी ग्राम सेमरा बीरभानसिंह, थाना मऊआइमा, जिला प्रयागराज ने अपनी लड़की की शादी कामता उर्फ शैलेश से किया था। शादी के कुछ माह बाद लड़की को पति कामता प्रसाद व ससुर लल्लन, सास, देवर व ननद सभी लोग ढाई सौ ग्राम सोना व तीन लाल रुपया मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। 16 जून 2018 की रात मेरी लड़की को जलाकर मार डाला जिसकी सूचना रिश्तेदारों के माध्यम से मिली। राज्य की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता कांशीराम तिवारी ने किया।

# जीजीआईसी में हुई मतदाता जागरुकता भाषण प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह/उप शिक्षा निदेशक एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के कुशल नेतृत्व में, डॉ मोहम्मद अनीस, नोडल अधिकारी स्वीप, विधानसभा सदर प्रतापगढ़ द्वारा मतदाता जागरूकता पर भाषण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इसी क्रम में सिद्धार्थ श्रीवास्तव द्वारा फिट इंडिया स्कूल वीक कार्यक्रम के तहत छात्राओं को महत्वपूर्ण योग की विधि से अवगत कराते हुए योगाभ्यास कराया गया।



मतदाता जागरुकता भाषण कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

# आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास व छेडछाड़ का दर्ज हुआ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के साथ घर में घुसकर छेडछाड किये जाने तथा हत्या के प्रयास को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के मधुकरपुर निवासी जयप्रकाश की पत्नी रेखा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह नवंबर को वह अपने घर में सो रही थी। सुबह पांच बजे पड़ोसी रामदेव का पुत्र मेवा लाल वर्मा उसके घर पर पहुंचा और दरवाजा खटखटाने लगा। पीड़िता ने दरवाजा खोला तो आरोपी जबरिया उसके घर में घुस गया। आरोपी पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने लगा। इस पर वह चीखी चिल्लाई तो मुंह दबाकर चुप रहने की धमकी दी। इस बीच पीड़िता की चीख सुनकर उसका पति जयप्रकाश पहुंच गया और पत्नी को आरोपी से छुडाने लगा। तब आरोपी ने कमरे में रखी ईट से पीड़िता के सिर पर वार कर दिया। पीड़िता को गंभीर चोटें आ गयी और वह बेहोश हो गयी। पति की चीखपुकार पर गांव के लोग जुटे तो आरोपी गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी देते चला गया। पीड़िता ने पुलिस को घटना के बाबत तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपी मेवालाल के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट व छेडछाड तथा जानलेवा धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म का पथ ही जीवन का सुफल मार्ग: आचार्य देवव्रत

## भेंभौरा में हो रही भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के भेंभौरा गांव में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथा व्यास प्रयागराज से पधारे राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त आचार्य देवव्रत जी महराज ने कहा कि धर्म और नीति के पथ पर चलकर ही भगवत कृपा का पुण्यफल हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को धर्म तथा नीति व नैतिकता के परमपद का मार्ग प्रशस्त करते हुए सर्व कल्याण का चिंतन दिया है। आचार्य देवव्रत जी महराज ने भीष्म स्तुति तथा परीक्षित जन्म का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने जीव के उद्धार के लिए सदकर्म को ही



कथा सुनाते आचार्य देवव्रत जी महराज।

मूल मंत्र स्वीकार किए जाने का भी हमें बोध कराया है। उन्होने कहा कि कलिकाल में जो भी प्राणी भगवान की कथा का अमृत पान किया करता है उसका सौभाग्य सदैव खिला रहता है। उन्होने भगवत नाम को ही संसार के सभी विकार तथा दुखों से मुक्ति का पुनीत साधन बताया। कथा के दौरान श्री राधेकृष्ण संकीर्तन में श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथा के संयोजक पं. रामविशाल द्विवेदी तथा पूर्व शिक्षक केदारनाथ द्विवेदी ने व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। निर्मला द्विवेदी तथा मालती ने श्रीमद् भागवत महाग्रंथ का पूजन किया। सहसंयोजक अरूण द्विवेदी एवं ब्रजकिशोर द्विवेदी तथा सौरभ द्विवेदी एवं रवि मिश्रा ने श्रद्धालुओं का रोली टीका कर कृष्णनाम पट्टिका भेंट की। इस मौके पर आचार्य देवानन्द मिश्र, रमा मिश्रा, प्रीती द्विवेदी, दिव्या, ऊषा, मुकुंद द्विवेदी, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल, साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र आदि रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली पर हड़ताल के लिए मतदान आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन व एनजेसीए के आवाहन पर 21,22 नवंबर को केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाल कराने की मांग न माने जाने पर हड़ताल की नोटिस देने के लिए कर्मचारियों का मतदान कार्यक्रम रेलवे स्टेशन माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ सहित जिले की शाखा के अन्तर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर सुबह आठ बजे से सांय 5 बजे तक होगा। 22 को सायं 5 बजे मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना होगी।

# श्रीरामचरित मानस हो राष्ट्रीय ग्रंथ, लालगंज सिविल कोर्ट में वाद दाखिल

## कोर्ट ने चैबीस नवम्बर को सुनवाई का पारित किया आदेश, वकीलों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज सिविल कोर्ट में सोमवार को श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने को लेकर वाद दाखिल किया गया। आल इंडिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के द्वारा यह वाद दाखिल होते ही कोर्ट में सरगर्मी का माहौल बन गया दिखा। इधर श्रीरामचरित मानस ग्रंथ को लेकर कुछ टिप्पणियों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों में असंतोष भी देखा जा रहा है।

परिवाद में श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग के साथ श्रीमद् भागवतगीता व श्री वाल्मीकी रामायण व श्रीरामचरित मानस के अपमान को लेकर भारत सरकार से दण्ड संहिता में इसे राष्ट्र द्रोह का अपराध भी घोषित किए जाने की मांग उठाई गई है। कोर्ट ने वाद पर आगामी चैबीस नवम्बर को पोषणीयता पर सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। प्रतापगढ़ के लालगंज सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन में सोमवार को दाखिल वाद में वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से भारत सरकार के प्रमुख सचिव तथा राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। सरकार की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता रामसेवक ने भी पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय मांगा। कोर्ट में वाद की सुनवाई करते हुए सिविल जज अरविंद सिंह ने अगली सुनवाई की तिथि चैबीस नवम्बर मुकर्रर की है। वहीं कोर्ट ने सहायक शासकीय अधिवक्ता को आपत्ति का अवसर प्रदान करते हुए चैबीस नवम्बर को सुनवाई के समय दोनों पक्षों की ओर से बहस सुने जाने का फरमान सुनाया है। यूपी की अदालत में श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने के पहले वाद को लेकर परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद वकीलों में खुशी देखी गयी। वाद को लेकर याची वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि भारत सनातन संस्कृति के देश के रूप में विश्व में प्रतिष्ठित हुआ है। ऐसे में सनातन संस्कृति के इन धार्मिक ग्रंथों का अपमान करने की किसी को भी अनुमति नही दी जा सकती। उन्होने वाद में इधर आए दिन सनातन धर्म से जुड़े ग्रंथों के विरूद्ध अपमान जनक टिप्पणियों की होड़ का भी हवाला देते हुए कोर्ट से करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को क्षति विक्षत किए जाने पर भी रोक लगाए जाने की फरियाद की है। वाद को लेकर याची के अधिवक्ता संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व सिविल के वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पांडेय ने बताया कि अदालत में याचिका को लेकर सभी तथ्य रखे गए हैं, आगामी चैबीस नवम्बर को सुनवाई को लेकर बहस में अदालत के समक्ष सभी जरूरी ऐतिहासिक दस्तावेज भी पेश किए जाएंगे।

# जेल से छूटने के बाद युवक के परिजनों ने मुकदमा लिखाने वाली बालिका की कर दी हत्या

## पुलिस अधीक्षक समेत क्षेत्र अधिकारी थाना अध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के ढेरहा गांव में सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे खेत से घर की ओर जा रही बालिका के सिर में पीछे से कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया है मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक क्षेत्र अधिकारी समेत भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है बालिका की हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के ढेरहा गांव की बालिका शालिनी देवी उम्र 18 वर्ष पुत्र दादू निषाद गांव के पवन निषाद पुत्र कृपाल निषाद से प्रेम करती थी लेकिन प्रेमी युगल को साथ में देखकर परिवार के लोगों ने बंदिशें लगाना शुरू कर दिया दोनों के प्रेम संबंधों का मामला जब खुला तो मामले की शिकायत थाना पुलिस से हुई कई दिन थाने में पंचायत चली प्रेमी युगल की शादी की बातें हुई लेकिन दोनों की शादी नहीं हो सकी जिस पर बालिका ने पवन निषाद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया जिस पर पुलिस ने पवन निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दो सप्ताह पहले पवन जमानत से छूटकर बाहर आ गया है बताया जाता है कि पवन का एक भाई भी गंभीर मुकदमे में जेल की हवा खा चुका है और इन दिनों वह जमानत में जेल से बाहर है। सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे बालिका शालनी देवी खेत से घर की ओर जा रही थी जैसे ही बालिका आरोपी युवक पवन निषाद के घर के पास से गुजरी पीछे से उसके सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिया गया है जिससे बालिका खून से लहूलुहान होकर रास्ते में गिर पड़ी और मौके पर उसकी तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है बालिका की हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए पुलिस अधीक्षक समेत क्षेत्र अधिकारी थाना अध्यक्ष भारी पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए हैं हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार बताए जाते हैं पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सीडीओ ने किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा सरस हॉल में आयोजित ह्युवा उत्सवह्न कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ तथा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एक उत्सव धर्मी देश है। भारत में प्रत्येक माह उत्सव/त्यौहार मनाया जाता है। यह हमारी संस्कृति की मुख्य विशेषता है, हम सभी आपस में मिलकर उत्सव/त्यौहार मनाते हैं। उन्हांने कहा कि युवा उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानना, मंच प्रदान एवं प्रोत्साहित करना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से सांचने एवं चिन्तन करने की क्षमता का भी विकास होता है। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशु मिश्रा ने बताया कि जनपद स्तर पर विजेता प्रतिभागी, मण्डल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। युवा उत्सव कार्यक्रम में सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में अनीता राज एण्ड कम्पनी प्रथम स्थान एवं सामूहिक लोकनृत्य में चॉदनी की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। एकल लोकगीत प्रतियोगिता में शिवांगी प्रथम एवं उर्मिला द्वितीय स्थान पर रहीं। एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में दीपांशी गुप्ता प्रथम एवं

### मुख्य विकास अधिकारी ने युवा उत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ



चॉदनी द्वितीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्राची केसरवानी प्रथम एवं मुदित द्वितीय स्थान पर रहें। कहानी लेखन प्रतियोगिता में शिखा सिंह प्रथम एवं रवि सिंह द्वितीय स्थान पर रहें। जिन्हें मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र वितरित किया।

# फोटो नम्बर 6कृत्रिम गभार्धान में अपेक्षित प्रगति ना पाए जाने पर सीडीओ ने लगाई सीवीओ को फटकार

### मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सीएम डैश बोर्ड की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विभागवार योजनाओं/ इण्डीकेटर्स की विस्तृत समीक्षा के दौरान योजनाओं में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने योजनाओं/ इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के कृत्रिम गभार्धान में अपेक्षित प्रगति तथा सहभागिता योजना के तहत गोवंशों की सुपुर्दगी में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी टूलकिट वितरण, अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों एवं उपायुक्त, मनरेगा को मनरेगा कार्यों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें, जिससे जनपद को रैकिंग में बेहतर से बेहतर स्थान प्राप्त हो सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी को लम्बित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर सीडीओ ने की बैठक

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्राह्न की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में बैठक की गई ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार ह्विकसित भारत संकल्प यात्राह्न के तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। शासन द्वारा 04 आई.ई.सी. वैन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार रोस्टर बनाकर सूची उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत में कार्यक्रम स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चिन्हित स्थल की साफ-सफाई भी करायी जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार लाभार्थियों की सूची संकलित कर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दियें है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि ह्विकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम सरकार की महत्वाकॉक्षी कार्यक्रम है, किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नहीं हांगी। गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन भव्य एवं व्यवस्थित रूप से किया जाय। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत में कार्यक्रम के एक दिन पूर्व मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय,ताकि अधिक से अधिक से लोग लाभान्वित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से कैम्प लगाकर लाभान्वित किया जाना है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना एवं पीएम सौभाग्य योजना आदि से कैम्प लगाकर लाभान्वित किया जाना है इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पासी समाज उत्थान के लिए गोपालपुर गांव में एकत्रित हुए सैकड़ों लोग



**कौशाम्बी।** पासी समाज के लोगों के ऊपर हो रहे जुल्म ज्यादती एवं अत्याचार को रोकने के लिए चायल तहसील क्षेत्र के गोपालपुर गांव में घनश्याम पासी के आवास पर सैकड़ों लोग एकत्रित हुए। लगातार किसी न किसी रूप में पासी समाज के लोगों के ऊपर जुल्म ज्यादती अत्याचार हो रहा है जिससे पासी समाज के लोग काफी आहत हो चुके हैं। पासी समाज के लोगों के ऊपर हो रहे जुल्म ज्यादती अत्याचार के खिलाफ पासी समाज के लोग मिलकर आवाज उठाने की ठान लिए हैं जिससे पासी समाज के लोगों का उत्थान होना तय माना जा रहा है उक्त बातें घनश्याम पासी ने अपने वक्तव्य के दौरान कही। घनश्याम पासी ने अपने वक्तव्य के दौरान आगे कहा कि एक समय ऐसा भी था कि पासी समाज के पूर्वज राजा महाराजा हुआ करते थे लेकिन आज पासी जाति के नाम से पासी समाज के लोगों की हत्या हो रही है कई ऐसे मामले देखने को मिले है। इसी क्रम में पासी समाज के भीतर फैली कुरीतियों पर गहन चिंतन विचार किया गया और कुरीतियों को दूर करने की योजना भी बनाई गई। इस दौरान घनश्याम पासी, गिरीश पासी, मोनू पासी, धनंजय पासी, आत्माराम पासी एवं रामनरेश पासी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।

### गो-आश्रय स्थल उदहिन बुजुर्ग में सीडीओ ने किया गोपूजन



**कौशाम्बी।** गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर जनपद के गौशालाओं में विशेष साफ-सफाई अभियान तथा गौशालाओं की सजावट कर मुख्य विकास अधिकारी ने गोपूजन किया मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा गो-आश्रय स्थल उदहिन बुजुर्ग में गोपूजन किया गया।

### महिलाओं के विवाद के बाद व्यक्ति को पीटा

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के हिसामपुर के मजरा बैरिहा का पुरवा में 19 अक्टूबर को राजकुमारी सोनम देवी का अपनी देवरानी आरती देवी से विवाद हो रहा था इसी बीच आरती का पति करण सिंह पुत्र राम लखन लोधी भी खेत से वापस आ रहा था हो हल्ला सुनकर वह घटनास्थल पर पहुंच गया करण सिंह के पहुंचने के बाद राजकुमारी और सोनम के घर घर वाले लाल सिंह और रामधनी ने करण सिंह को गाली गलौज करते हुए जमकर पीट दिया है जिससे उसे चोट आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

### चौराहे पर रोज-रोज लगने वाले जाम से आम जनता परेशान

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर रोज लगने वाले जाम से आम जनता परेशान हो गई है सड़क पर विक्रम खड़ी कर-के वाहनों में सवारी भरी जाती है जिससे अन्य वाहनों को निकलने में दिक्कत होती हैं और चौराहे पर जाम लग जाता है जाम के चलते आए दिन आम जनमानस के बीच वाहन चालकों से नोक झोंक भी होती है लेकिन सड़क पर खड़े होने वाली विक्रम को हटाने का प्रयास नहीं हुआ है कभी-कभी घंटे लोग जाम में फंस जाते हैं सोमवार के दिन फिर तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर काफी देर तक जोरदार जोरदार जाम लगा था जाम के कारण काफी देर तक आवा गमन में लोगों को दिक्कत होती रही इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जाम से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# धरना प्रदर्शन सभा करने के बाद केशरवानी समाज के लोगों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

### उत्तर प्रदेश में केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किए जाने की आवाज हुई बुलंद



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के केशरवानी समाज के आर्थिक सामाजिक राजनीतिक पिछड़ेपन को देखते हुए 1991 से लगातार केशरवानी समाज के लोग उत्तर प्रदेश सरकार से इस जाति को अन्य पिछड़े वर्ग में सम्मिलित करने की मांग लगातार कर रहे हैं बिहार वा झारखंड राज्य में केसरवानी जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल भी किया जा चुका है बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से केसरवानी समाज के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता भी हुई थी जिसमें मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को आश्वासन दिया था कि उनकी बात पर विचार किया जाएगा केशरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश केसरवानी बैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता उर्फ गोल बाबू के नेतृत्व में सोमवार को भारी संख्या में समाज के लोग जनपद मुख्यालय मंझनपुर में एकत्रित हुए धरना प्रदर्शन सभा करने के बाद सैकड़ो की संख्या में केशरवानी समाज के लोग पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे अपर जिला अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे जिन्हें जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी में ज्ञापन पढ़ कर सुनाया और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौपा अपर जिला अधिकारी ने केसरवानी समाज को आश्वस्त किया है कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेज देंगे इस मौके पर कैलाश केसरवानी पूर्व चेयरमैन सुशील केसरवानी पत्रकार आशीष केसरवानी तीर्थ राज गुप्ता गोल बाबू शम्भू लाल केशरवानी बीरेन्द्र कुमार केसवानी प्रमेश कुमार केसरवानी अजय केशरवानी राधेश्याम केशरवानी अशोक केशरवानी प्रदुम नारायण विवेक केसरवानी अंशुल केसरवानी नरेश चंद्र पूर्व चेयरमैन आनंद कुमार अन्नू दीपक केसरवानी पूर्व चेयरमैन अरुण केसरवानी चेयरमैन संतोष कुमार मुकुन्दी लाल पवन कुमार केशरवानी अजय केसरवानी सुबोध केशरवानी अरविंद केसरवानी पंकज गामा संतोष नागा सुमित केशरवानी सहित सैकड़ो की तादात में केशरवानी समाज के लोग धरना प्रदर्शन ज्ञापन में सम्मिलित हुए।



# दो पहिया चलाते समय हेलमेट जरूर लगाए : एसपी

## डॉ. रिजवी स्कूल में कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**करारी कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने सोमवार को डॉ. रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में आयोजित कार्यशाला में बच्चों से अपील किया कि वह संदेश वाहक का काम करें। घर पर जाकर अपने मां, बाप, भाई, पड़ोसी को जागरूक करें। उन्हें प्रेरित करें कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। सड़क पर किसी के भी दुर्घटना में घायल होने पर कंट्रोल रूम व एम्बुलेंस को जानकारी जरूर दे। सहायक संभागिक परिवहन अधिकारी तारकेश्वरमल ने कहा कि स्वाभाविक मौतों से ज्यादा दुर्घटनाओं से मौत होती है। कोरोना काल में जितनी मौत बीमारी से नही हुई उससे कई गुना अधिक मौतें दुर्घटना की वजह से हुई है। सीओ मंझनपुर अभिषेक सिंह ने कहा की 18 साल की उम्र से पहले वाहन न चलाएं। रेलवे क्रासिंग पर बाई पास क्रास न करें। वाहन चलाते समय स्टंट न करें। इंस्पेक्टर यातायात राकेश चौरसिया ने कहा कि सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के गुड सैमिरेटन स्कीम चला रही है। इस योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने वाले को पुरसस्कृत किया जाता है। कार्यशाला में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर करारी प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र वर्मा, टीआई रमाशंकर प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा सुनने से राजा परीक्षित को मिला मोक्ष

### करारी क्षेत्र के शाहपुर टिकरी में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास चेतन दास महाराज ने सुनाई कथा



**कौशांबी।** करारी क्षेत्र के शाहपुर टिकरी में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास चेतन दास महाराज ने परीक्षित श्राप प्रसंग सुनाया। बताया कि ऋषि पुत्र के श्राप से डरकर राजा परीक्षित ने इससे मुक्ति का उपाय खोजना शुरू किया। अपने पुत्र जनमेजय को राजपाट सौंप कर गंगा किनारे तपस्या को चले गए।वहां व्यास नंदन सुकदेव महराज से उनकी भेंट हुई। राजा परीक्षित ने सुकदेव मुनि से मुक्ति का उपाय पूछा। मुनि ने उन्हें श्रीमद् भागवत कथा सुनने की सलाह दी। यह कथा सुनने के बाद राजा परीक्षित मृत्यु के भय से मुक्त हो गए। चेतन दास महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद? भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है कथा से पंडाल राधे राधे के जयकारे लगने लगा इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, सुमित्रा देवी,शिव लाल,संदीप कुमार, जयकरन सिंह,सतेंद्र,सत्यम,भार्गव, आदि शामिल रहे।

### छल प्रपंच त्यागने पर ही असीम सुख की प्राप्ति होती है : आचार्य आलोक मिश्र



**कौशांबी।** मुख्यालय के समीप ग्राम इचौली में अविराम प्रवाहित श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य आलोक मिश्र द्वारा यजमान रमेश कुमार पांडेय तथा श्रीमती शिव कन्या पांडेय को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कथा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छल प्रपंच का परित्याग और ह्रदय से की गई सेवा से ही ईश्वर से साक्षात्कार होता है. श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन संक्षिप्त सम्पूर्ण कथा के मनमोहक वृत्तांत का उपस्थित जन समूह ने रसास्वादन किया.आज की कथा के श्रोताओं के कैलाश चंद्र केसरवानी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भरवारी,रवीन्द्र पांडेय पूर्व थानाध्यक्ष छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश चंद्र कांत शुक्ल, रामचंद्र गुप्ता, अवधेश कुमार तिवारी, ज्ञानदत्त मिश्रा, बाल कृष्ण तिवारी, शिव मनोख तिवारी,विजय कुमार तिवारी,यजमान पुत्र प्रदीप कुमार, शिव पूजन, सुनील कुमार सहित आसपास के गांव से आए हुए श्रद्धालुओं समेत गांव के सैकड़ों नर-नारी कथा में उपस्थित हुए. छोटे भाई राज कुमार पांडेय सहित समस्त पांडेय परिवार के सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।

### भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष आदि कथाओं हुआ वर्णन



**कौशांब।** आदर्श नगर पंचायत अजुहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास नंद जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। मौके पर मुख्य यजमान उदयवीर सिंह ने सपत्नीक कथा श्रवण कर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर सातवें दिन भी श्रोताओं में आनंद सिंह, महेंद्र सिंह, कपूर चंद्र केसरवानी, सुनील साहू, कृष्ण कुमार पांडेय, दीनू पांडेय, पुत्तन सिंह, बीर बहादुर सिंह, राम तापोवन सिंह, रविन्द्र सिंह, दिनकर सिंह, आशुतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अविनाश सिंह, गौरव सिंह, आदित्य सिंह सहित सैकड़ों नर-नारियों की उमड़ी भीड़ ने कथा का श्रवण किया।

## संपादक की कलम से

# दुनिया स्तंभित हो रही है भारत की आर्थिक तरक्की से

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता को संबोधित करते हुए सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वॉकल फोर लॉकल का आह्वान आर्थिक विकास आधार बन रहा है। स्व-भाव एवं स्वदेशी के मंत्र ने आर्थिक विकास को पंख लगाये हैं जिससे अर्थ की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। भारत की आर्थिक तरक्की दुनिया को स्तंभित करने लगी है, क्योंकि भारत का घरेलू बाजार ही इतना विशाल है कि भारत को विदेशी व्यापार पर बहुत अधिक निर्भरता नहीं करनी पड़ रही है। भारत के बाजार से कई देशों का आर्थिक विकास होता रहा है, अब स्वदेश जागरण से देश का अर्थ देश में ही रहने लगा है।

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि केवल 7 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर को पार कर जाएगा। भारत की ह्यनीली अर्थव्यवस्थाह्न का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान है, जो अवसरों के सागर का प्रतिनिधित्व करता है। तट के किनारे नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों और नौगम्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत महासागर आधारित व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खड़ा है।

भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री की नित-नयी आर्थिक योजनाओं, अपनी जड़ों एवं माटी से जुड़ने, स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा एवं विदेश यात्राओं का भी योगदान है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर (आईएमईसी) सबसे आशाजनक कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है। 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित, आईएमईसी एक मल्टीमॉडल आर्थिक गलियारा है जिसमें शिपिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली केबल, हाई-स्पीड डेटा केबल और एक हाइड्रोजन पाइपलाइन शामिल है। गलियारे का उद्देश्य परिवहन दक्षता को बढ़ाना, रसद लागत को कम करना, आर्थिक एकता को बढ़ावा देना, रोजगार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके एक स्वच्छ, सुरक्षित दुनिया में योगदान देना है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, बड़ी आबादी को आर्थिक विकास का माध्यम बनाने में सरकार की सूझबूझ एवं योजनाएं कारगर साबित हो रही है। बड़ी आबादी के अनेक तरह के नुकसान हैं तो इसी से भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन बन रहा है बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने के पीछे भारत के विशाल आंतरिक बाजार, स्व-भाव एवं स्वदेशी का दर्शन को मुख्य कारण है। आम जनता में स्व का भाव जगा कर, उनमें राष्ट्र प्रेम एवं स्व-संस्कृति की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छा शक्ति नागरिकों में जागृत होती है और देश के आर्थिक विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में, अपनी स्थापना के बाद से, भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, शीघ्र ही भारत विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान हैं दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है। भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने को सकारात्मक रूप देने की अपेक्षा है, जिसमें गरीबी एवं भूखमरी का कलंक मिटना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव तक की आर्थिक यात्रा का लक्ष्य अब प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना को हासिल करने का हो, देश में मानवीय मूल्यों, शांति एवं अहिंसक सिद्धांतों और आर्थिक समानता पर ध्यान देना होगा। भारत ने इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखाई है। इसी से गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे नागरिकों को कल का मध्यम वर्ग बनाएगी, इससे देश में विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा तथा देश की आर्थिक उन्नति की गति भी तेज होगी। यह भारतीय सनातन संस्कारों के चलते ही सम्भव हो पाया है।


भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सनातन संस्कारों का पालन करते हुए गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है और गरीब देश होने से दंश से तेजी से उबरने लगे हैं।

# डीपफेक पर नियंत्रण के लिये सरकार की सख्ती जरूरी

**-ललित गर्ग-**

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का यह हथियार अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बौद्धिकता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषत: हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती है। पब्लिक प्लैटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक विडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी विडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी विडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक विडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है कि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक एवं भड़क जाती है।




असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया और उसके बारे में ह्ययह विज्ञान और इंजीनियरिंग के बुद्धिमान मशीनें बनाने केह्न के रूप परिभाषित किया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। वर्तमान में, इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सांख्यिकीय विधियों, कम्प्यूटेशनल बुद्धि और पारंपरिक खुफिया शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का एक केंद्रीय संपत्ति एक मशीन द्वारा अनुकरण कर सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी विडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या विडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि विडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है।

सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर ह्यगेट रेडी विद मीह्न सीरीज के लिए बनाया था। भारत में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है। लेकिन भारत सरकार इस मुद्दे पर इसकी घातकता को देखते हुए गंभीर है। सरकार इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले सभी डिजिटल नागरिक की सुरक्षा और भरोसे को सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को गलत सूचनाओं, डीपफेक, अन्य अवांछित सामग्री की पहचान कर 36 घंटे के अंदर उन्हें हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ कह दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अगर डीपफेक कंटेंट को हटाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाते हैं तो उन्हें मिलने वाले संरक्षण को वापस ले लिया जाएगा। कई देशों की सरकारें डीपफेक के नियमन की तैयारी में हैं। कुछ अमरीकी राज्यों में बगैर सहमति डीपफेक बनाने को अपराध घोषित किया जा चुका है। यूरोपीय देशों में भी कानून बनाने की तैयारी चल रही है। सिर्फ कानून बनाने से समस्या से पार पाना संदिग्ध है। जरूरत ऐसे तंत्र की है, जो डीपफेक की सतत निगरानी रख अवांछित सामग्री फैलाने के सभी रास्ते बंद रखे।

# सशक्त लोकतंत्र एवं योग्य प्रत्याशी हेतु मतदाता जागे

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, चुनावी सरगर्मियां एवं आक्रामकता बढ़ती जा रही है। उम्मीदवारों के चयन, चुनाव जीतने एवं सरकार बनाने को लेकर पूरी आक्रामकता है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर गहरा सन्नाटा पसरा है। इन चुनावों में सबसे बड़ी विडम्बना जो हर बार की तरह इस बार भी देखने को मिल रहा है, वह है इन चुनावों का मुद्दाविहीन होना और दलबदल की स्थितियों का बढ़चढ़ कर सामने आना। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम एवं तेलेगाना में अब मतदाताओं के हाथ में राजनीतिक दलों और नेताओं के भाग्य की कुंजी आ गई है। इन चुनावों में भी हर बार की तरह इस बार भी जातिवादी जुनून, सांप्रदायिक कट्टरता और मतदाता को लुभाने-भरमाने की कोशिशें लोकतन्त्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। चुनाव का समय सिटीजन ग्रुप्स से मिलकर, उनकी समस्याओं को सुनकर, उनके समाधान के लिये तत्पर होने का है, राजनीतिक दल अपनी जनता की मूलभूत समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी ले फिर उन समस्याओं के समाधान का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए जनता से वोट मांगे। देखा जाए तो लोकतंत्र की असनी अवधारणा भी यही है। लेकिन मौजूदा समय में धनबल और बाहुबल चुनावों में हावी होता जा रहा है, राजनीति कभी सेवा का जरिया हुआ करती थी किन्तु आज व्यवसाय बनती जा रही है, यह चिंता का विषय है और इससे लोकतंत्र की जडे.कमजोर हो रही है। आजादी के अमृतकाल का यह पहला चुनाव है, चुनाव लोकतान्त्रिक प्रणाली के आधार होते हैं। इसी लोकतंत्र के महाकुंभ में लोककल्याण की योजनाओं की चर्चा होती है। राजनैतिक दलों ने चुनावों के अवसर पर लोक कल्याणकारी नीतियां जनता के सामने रखने का प्रचलन शुरू किया जिसे घोषणापत्र कहा गया। हर चुनाव की अलग परिस्थितियां होती हैं अतः घोषणापत्र भी हर बार नये प्रस्तुत किये जाते हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि इन घोषणा-पत्रों एवं विजीत दल की सरकार बन जाने के बाद उसकी नीतियों एवं योजनाओं में काफी अन्तर आ जाता है। अतः मतदाता चुनाव के समय जागरूक होकर मतदान करे ताकि उनके साथ किये जाने वाले वायदे यथासंभव पूरे हो। इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता को दोहरी भूमिका निभानी होगी- घर के मालिक की भी और घर के पहरेदार की भी। मालिक के नाते उसका कर्तव्य होगा कि वह जनता के हितों के ठेकेदार कहलाने वालों को ठोक बजाकर देखे-परखे। और घर के पहरेदार के नाते उसका कर्तव्य बनता है कि वह सिर्फ जागे ही नहीं बल्कि सतत सावधान भी रहे। इसी जागरूकता और सावधानी का तकाजा है कि वह सत्ता में बैठने के इच्छुक लोगों की कथनी-करनी को विवेक के तराजू पर तोले। चूंकि उसे ही सबसे अधिक खोना और सबसे अधिक पाना है, इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी की है। इस जिम्मेदारी को मतदाता वैयक्तिक स्तर पर भी निभाएं- अपने आप से यह पूछकर कि उसके वोट देने का आधार क्या होगा। पहला निर्णय तो मतदाता को यह करना होगा कि उसे वोट देना ही है। फिर यह तय करना होगा कि वह ह्यगलतह्न के पक्ष में वोट नहीं देगा। जब प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग बहुत सोच-समझकर करेगा तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और तभी सशक्त भारत का निर्माण हो सकेगा।



राष्ट्र को समग्र दृष्टि से सशक्त एवं विकसित करना, बढ़ती आबादी की बढ़ती मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति करना किसी भी लोकतन्त्र में चुनी गई सरकारों का मूल दायित्व होता है। ये चुनी हुई सरकारें जनता की मालिक नहीं होती बल्कि उसकी नौकर होती हैं क्योंकि जनता इन्हें केवल पांच साल के लिए ही देश की व्यवस्था चलाने एवं देश की विकास योजनाओं को आकार देने की जिम्मेदारी सौंपती है। इस दौरान चुनी हुई सरकारें अपनी लोक कल्याणकारी नीतियों को चला कर जनता के प्रति मिले दायित्व को पूरा करने का प्रयास करती है। लोकतन्त्र की बहुराजनैतिक प्रणाली में कभी भी विकल्पों की कमी नहीं रहती है, यह भी इस व्यवस्था की खूबसूरती एवं मौलिकता होती है। इसके चलते ही हमने केन्द्र से लेकर विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारें देखी हैं। प्रत्येक राजनैतिक दल के अपने कुछ मूलभूत सिद्धान्त होते हैं जिनके तहत वे सत्ता में आने पर लोक कल्याणकारी कदम उठाने का दावा करते हैं। ऐसा ही एक लोककल्याणकारी कदम था भारत में प्रत्येक व्यक्ति को दोनों वक्त भोजन करने का अधिकार देना। भले ही यह कदम डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने उठाया, लेकिन इसकी प्रभावी क्रियान्विति 2020 में देश में कोरोना संक्रमण काल के समय मोदी सरकार ने की। तब लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह पांच किलो मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की गई। अब इस योजना को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पांच साल और आगे जारी रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह हुआ कि लोक कल्याणकारी नीतियां बनाना हर सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है। मोदी सरकार ने ऐसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। प्रांतों में राजस्थान में अशोक गहलोत ने तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह सरकार ने भी ऐसी अनेक लोककल्याणकारी योजनाएं चुनाव सन्निकट आते देखकर शुरू की है, जिन्हें हम लोककल्याण से अधिक मुफ्त की रेवडियां कह सकते हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अणुव्रत विश्व भारती एवं भारतीय मतदाता संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान चला रखा है। जिसका उद्देश्य है कि मतदाता को सोचने को विवश करना कि अपराधी हमारा वोट कैसे पा लेते हैं? राष्ट्र की धन-सम्पदा से खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारी हमारे आदर्श कैसे बन जाते है? क्यों हम भ्रष्टाचारियों, अवसरवादियों और अपराधियों को वोट देते हैं और फिर वे हम पर राज करते हैं? हम इन स्थितियों को चुपचाप स्वीकार किए रहते हैं। लेकिन आखिर कब तक? कब तक हम ठगे जाते रहेंगे? कब तक मूक दर्शक बनकर राष्ट्र को लूटता हुआ देखते रहेंगे? व्यक्ति और व्यवस्था के समवेत सुधार से ही समाज में बदलाव आ सकता है। व्यवस्था को संचालित करने वाले हाथ जब तक पवित्र नहीं होंगे, तब तक व्यवस्था को बदलना भी अपर्याप्त होगा। लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए योग्य प्रत्याशी का चयन जरूरी है। जिस तरह विभिन्न परीक्षाओं में मापदंड जरूरी होता है, उसी तरह राजनीति में भी योग्यता का मापदंड निश्चित होना चाहिए। वोट उसी को दें, जो ईमानदार हो, नाशमुक्त हो, जातिवादी जुनून और सांप्रदायिक कट्टरता से दूर हो तथा राष्ट्रीय एकता, मानवीय मूल्यों और सामाजिक सौहार्द में जिसका विश्वास हो। व्यक्ति जिस तरह अपनी बेटी का हाथ थमाते समय विचार करता है उसी प्रकार वोट देते समय भी विचार कर ही अपना वोट देना चाहिए।

राजनीतिक दल अपने-अपने ढंग से चुनावों की तैयारियों में जुटे हैं। गठबंधनों की बातें ही नहीं हो रही, गठबंधनों की रणनीतियां तैयार होने लगी। दलबदल हो रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल समीकरण बनाने-बिठाने की जोड़तोड़ में जुट गये हैं। कुछ राष्ट्रीय दलों में घमासान मचा हुआ है, तो कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिये ये चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बने हुए हैं।

# टेलीविजन ने देश और दुनियां को जोड़ने का काम किया

**बाल मुकुन्द ओझा**

संयुक्त राष्ट्र की ओर से 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। टेलीविजन का आविष्कार सबसे पहले 1927 में फिलो टेलर फार्नस्वर्थ ने किया था। उस समय किसी को भी नहीं पता था कि टेलीविजन वैश्विक सूचना के प्रसार को बढ़ावा देने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस का प्रतीक बन जाएगा। 28 वें विश्व टेलीविजन दिवस की इस वर्ष की थीम एक्सेसिबिलिटी यानि उपलब्धता रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस की शुरूआत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व टेलीविजन फोरम 21 और 22 नवंबर 1996 को आयोजित किया था, जहां प्रमुख मीडिया हस्तियों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आज की बदलती दुनिया में टेलीविजन के बढ़ते महत्व पर चर्चा करने और इस बात पर विचार करने के लिए मुलाकात की कि वे अपने आपसी सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। इसीलिए महासभा ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक टेलीविजन दुनिया में वैश्वीकरण और संचार के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है। टेलीविजन ने लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टेलीविजन से परिवार के लोग एक दूसरे के करीब आ गए। दुनिया भर में अभी भी ऐसे बहुत से देश हैं, जहां लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने में कई बाधाएं आती हैं। संचार में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाने लगा।

टेलीविजन सूचना और शिक्षा का सशक्त माध्यम है। यह लोगों की निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। दुनिया में हो रहे विकास के साथ संघर्षों से लोगों को अवगत करता है। है। टेलीविजन अपने प्रारम्भ काल से से ही आम लोगों के जीवन में शिक्षा और मनोरंजन का महत्वपूर्ण स्थान है। टेलीविजन के माध्यम से लोग कई सालो से शिक्षा, समाचार, राजनीति, मनोरंजन और गपशप का आनंद लेते आ रहे हैं। विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से परे टेलीविजन के महत्व पर जोर देना है। टेलीविजन को सूचना, प्रणाली और जनमत को प्रभावित करने के लिए एक प्रमुख स्रोत के रूप में स्वीकार किया गया। टेलीविजन वर्तमान में संचार और वैश्वीकरण का प्रतिनिधित्व भी करता है।

भारत में पहली बार 15 सितंबर 1959 को टेलीविजन लॉन्च किया गया था। उस समय टेलीविजन ने देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस दौरान टेलीविजन पर ह्यहम लोग, ह्यबुनियाद, ह्यरामायणह्न और ह्यमहाभारत जैसे लोकप्रिय शो आते थे, जिन्हें देखने के लिए टीवी के सामने लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाया करती थी। हमारे देश में टेलीविजन को हिंदी भाषा को जन जन तक पहुँचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी के बाद प्रगति और विकास का सजीव माध्यम बना टेलीविजन । बड़े बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात टेलीविजन के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का महत्वपूर्ण साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता बढ़ी । मगर धीरे धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। टेलीविजन ने देश में आमजन को एक दूसरे से जोड़ने के लिए शिक्षा और मनोरंजन के साधन के रूप में विकसित किया वहीं न्यूज चैनलों पर घृणा और नफरत की मारकाट मची है। जब से टीवी न्यूज चैनलों ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर हो रही बहस घृणास्पद और निम्नस्तरीय है। ऋषि मुनियों की इस पावन धरा को घृणा के विष बीज से मुक्ति नहीं मिली तो भारत को पतन के मार्ग पर जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक पायेगी।

न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते है उन्हें देखकर लगता नहीं है की यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस जाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक ह्यबड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे।

बाल मुकुन्द ओझा

# बच्चे से बुजुर्ग तक मंडराया डायबिटीज का खतरा

डायबिटीज उन गंभीर बीमारियों में से एक है जिसका खतरा काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। बच्चे से बुजुर्ग में काफी आम हो चुकी यह समस्या अब सभी उम्र के लोगों को भी शिकार बना रही है। आइसीएमआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10.1 करोड़ से ज्यादा है। वर्ष 2019 में यह संख्या 7 करोड़ थी। मसलन सिर्फ चार साल में 4 करोड़ भारतीय डायबिटीक हो चुके हैं। रिपोर्ट अनुसार, गोवा 26.4 प्रतिशत, पुडुचेरी 26.3 प्रतिशत और केरल में 25.5 प्रतिशत में डायबिटीज का उच्चतम प्रसार देखा गया है। मप्र सहित उत्तर प्रदेश, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में कुछ सालों में डायबिटीज के मरीजों में वृद्धि देखने को मिल सकती है।

दुनिया भर में डायबिटीज का खतरा घर घर मंडरा रहा है। खानपान और लाइफ स्टाइल में आये बदलाव के कारण यह रोग बच्चे से बुजुर्ग तक को अपना शिकार बना रहा है। खराब जीवनशैली से आज भारत में लोग बड़ी संख्या में बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जिनमें डायबिटीज, हाईपरटैंशन, मोटापा तथा हाई कोलैस्ट्रोल मुख्य हैं। इनमें डायबिटीज के रोगियों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ेगी। साइंस पत्रिका लेसेन्ट के एक ताजा शोध के मुताबिक दुनिया में जितने मरीज हैं, उसमें से 17 प्रतिशत से ज्यादा अकेले भारत में हैं. ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में अभी करीब 101 मिलियन (10 करोड़) से अधिक लोग डायबिटीज की चपेट में हैं। यूके मेडिकल जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में 70 मिलियन लोगों की तुलना में भारत में अब 101 मिलियन से अधिक लोग डायबिटीज के साथ जी रहे हैं। अध्ययन के अनुसार, कम से कम 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटीज है। देश में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है। आने वाले दिनों में यह संख्या और तेजी से बढ़ सकती है। ऐसे में इसे कंट्रोल करना बेहद जरूरी है। देश के कई राज्यों में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डायबिटीज के मरीज लाइफस्टाइल और खानपान का ख्याल रखकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। खानपान और बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल डायबिटीज के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन एक कारण और है जिससे डायबिटीज की समस्या हो सकती है। नींद की कमी से डायबिटीज की समस्या बढ़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप रोजाना अच्छी नींद ले रहे हैं तो ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है और डायबिटीज का खतरा कम होता है।

भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही हैं। लगभग हर 5 भारतियों में से 2 भारतीय को डायबिटीज की समस्या हैं। डायबिटीज में ब्लड शुगर का लेवल हाई होने के कारण त्वचा शुष्क होती है जिससे शरीर में सूजन, लाल धब्बे, खुजली, चकत्ते जैसी चीजें हो जाती हैं।

# विकास कार्यों को धरातल पर उतारना सबकी जिम्मेदारीः प्रभारी मंत्री

## पीएम की है जल जीवन मिशन महत्वाकांक्षी योजना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री/ जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता व सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, सदर विधायक अनिल प्रधान, अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा हुई।

सोमवार को समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना सभी लोग सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है। चुनौती है कि इसमें अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। संबंधित विभाग प्रगति करायें। प्रधानमंत्री के मनोभाव को समझते हुए कार्यों को 12 सौ करोड़ रुपए दिये गये हैं। धरातल पर योजना को लागू करेंगे, तभी धन का सदुपयोग होगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार विद्युत आपूर्ति संचालन में सरकार की ओटीएस योजना के तहत बकाया विद्युत बिल जमा करायें। गरीबों को योजना का लाभ दें। कृषि क्षेत्र में बढ़ावा को सिंचाई सुविधा जिले में कम है, निजी नलकूप को बढ़ावा दें, ताकि किसान भाई मत्स्य पालन, मुर्गी पालन योजनाओं का लाभ ले सकें। लोगों को समय से पेंशन दें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है। सड़क मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाई जाये। देश व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारना सबका कार्य है। स्वास्थ्य विभाग में सुधार की जरूरत है। गौवंश संरक्षण में ध्यान देने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों से कहा कि जिले में अधिकारियों से तालमेल कर जिले का विकास करायें, ताकि जिला विकास में एक नंबर पर रहे।



समीक्षा बैठक में बोलते प्रभारी मंत्री।

प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा है कि भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों की जांच कराकर कार्यवाही करायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार पुष्टाहार शत-प्रतिशत बंटवायें। सांसद ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि एसएलडब्ल्यूएम के तहत कार्यों का सही ढंग से संचालन करायें। एक्सईएन लघु सिंचाई से कहा कि पुराने चेकडैम की मरम्मत करायें। जिला खनिज अधिकारी से कहा कि जिले में पत्थर खदानों के पट्टे लोगों को दिए जायें। विधायक मानिकपुर ने बीएसए से कहा कि प्राथमिक विद्यालय रमपुरिया में बच्चे अधिक हैं, शिक्षक कम है, व्यवस्था करायें। डीएसओ पात्रों के राशन कार्ड बनवाकर लाभान्वित करायें।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिला कृषि अधिकारी से कहा कि डीएपी की समस्या है, समय से खाद दें। नहरों की सिल्ट सफाई समय से करायें। विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं, उपखंड अधिकारी फोन नहीं उठाते। प्रभारी मंत्री ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी को निर्देश दें कि समस्या ग्रस्त लोगों व जनप्रतिनिधियों के फोन अवश्य उठायें। प्रभारी मंत्री ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास के कार्यों को तेजी से करायें। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकों अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम के अधिकारियों से अनुरोध किया कि जनप्रतिनिधियों के दिशा निर्देश का पालन कर विकास कार्य कराए जायें। संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरण, एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ पीके त्रिपाठी, डीडीए कृषि राजकुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दबोचे एक वांछित-दो वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व दो वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को कोतवाली कर्वी के निरीक्षक अपराध आशुतोष तिवारी ने सिपाही पियूष शरण श्रीवास्तव, जयनारायण पटेरिया, महिला सिपाही शिवानी सिंह के साथ पाक्सो एक्ट के वांछित पंकज पुत्र लालदास निवासी खोह को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में सरधुवा थाने के दरोगा राजेश कुमार राय, दरोगा देवीदीन बुन्देला ने विद्युत अधिनियम के वारंटी सत्यनारायण पुत्र शम्भूनाथ निवासी नहरा को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा रामाधार सिंह ने सिपाही शिवधनी प्रजापति के साथ एनडीपीएस एक्ट के वारंटी राजू कहार पुत्र पन्नालाल निवासी कस्बा बरगढ़ को गिरफ्तार किया।

# 15 से 21 तक शिशु देखभाल सप्ताह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीएमओ कार्यालय सभागार में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह 15 से 21 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यशाला में सभी ब्लॉक चिकित्सा प्रभारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, बीसीपीएम, नर्स मेंटर, एनबीएसयू की स्टाफ नर्स, आईसीडीएस पंचायती राज के लोगों ने हिस्सा लिया। सोमवार को अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी के निर्देश पर एसीएमओ डॉ एमके जतारिया ने उद्देश्यों पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि एसडीजीपी अनुसार 2030 तक नवजात शिशु मृत्यु दर 12 प्रति हजार लाना है, समुदाय में जागरूकता समेत फैसिलिटी में भी मानक अनुसार कार्य करते हुए शिशु मृत्यु दर की रोकथाम रोकना है। सीएमओ ने कहा कि मानक अनुसार कार्य करें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, मातृ स्वास्थ्य सलाहकार अरुण कुशवाहा, तकनीकी सलाहकार डॉ उपलब्धि साहू, अजय शुक्ल आदि ने विचार रखे।

## कोतवाली पुलिस ने वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा शिवपाल सिंह ने सिपाही मंगला प्रसाद के साथ वारंटी राजाराम निषाद पुत्र स्व दुर्गा प्रसाद निषाद निवासी डिलौरा को गिरफ्तार किया।

## 25 को होगी मंडलीय रबी गोष्ठी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि सूबे के कृषि उप सचिव ने कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में मंडल कानपुर, झांसी व चित्रकूटधाम मंडल बांदा की मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 25 नवम्बर को सवेरे साढे दस बजे राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में होगी। मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में कृषि एवं अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार को सम्बन्धित अधिकारी विभागों के स्टॉल/ प्रदर्शनी लगाने के साथ हिस्सा लेना सुनिश्चित करें।

# कमिश्नर ने कब्रिस्तान की पत्रावली लौटाई

## सुनवाई को नियत किया एक दिसम्बर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिला मुख्यालय के लक्ष्मणपुरी स्थित कब्रिस्तान गाटा संख्या 912 के जुज भाग रकबा 0.275 हे में आबादी दर्ज मामले के निगरानीकर्ता पवन कुमार आदि की निगरानी मंजूर कर ली है। कमिश्नर ने एसडीएम सदर के 15 फरवरी 2005 के आदेश को निरस्त कर



कब्रिस्तान के बाहर खडे पवन बद्री।

मामला अवर न्यायालय को भेजा है।

कमिश्नर बांदा ने ये आदेश 14 नवम्बर 2023 को खुले न्यायालय में दिया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में पुनः मौके की स्थलीय जांच कर दोनों पक्षों के साक्ष्य सुनवाई का मौका देकर गुण-दोष पर वाद निस्तारित किया जाये। एक दिसम्बर 2023 की तारीख नियत की है।

निगरानीकर्ता/वार्ड मेम्बर पवन कुमार बद्री ने बताया कि सपा शासन में दलितों के साथ अन्याय हुआ था। कर्वी सरकार लक्ष्मणपुरी गाटा संख्या 912 को साजिशन खाली पडी भूमि को कब्रिस्तान में दर्ज कराया था। सपा की सरकार में दलित बस्ती में कब्रिस्तान की चहारदीवारी का अवैध ढंग से निर्माण हुआ था। रात में दलितों के दरवाजे पर पुलिस का पहरा बैठाकर चहारदीवारी निर्माण में सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ था। बस्ती के बीच स्वघोषित कब्रिस्तान में हिन्दुओं के आराध्य पीपल पेड के नीचे सडी-गली लाशें दफनाई जाने लगीं। इससे मोहल्ले में पैदा हुए संक्रमण से कुपोषित व मंदबुद्धि बच्चे पैदा होने लगे। लोगों के भारी विरोध के बाद भी सपा शासन में दलितों की आवाज दबा दी गई। मामले को मंडलायुक्त के यहां 2017 को ले जाया गया। कमिश्नर की निर्णय की सराहना करते हुए पवन बद्री ने कहा कि अब दूध का दूध व पानी का पानी हो जायेगा।

# विकास को आईना दिखाता मऊ-बियावल सम्पर्क मार्ग

## रास्ते में जलभराव व है गड्ढे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ-बियावल संपर्क मार्ग विकास का आईना दिखा रहा है। सियासी विकास की पटकथा में एक दशक से जीर्णोद्धार का इंतजार कर रहा है। बियावल संपर्क मार्ग अपनी बेबसी पर आंसू बहाता दिख रहा है।

सोमवार को बियावल सम्पर्क मार्ग की दुर्दशा देखने को मिली। इसी सडक में जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जलभराव की समस्या कई वर्षों से है। मवई-बियावल संपर्क मार्ग में जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा है। राहगीरों को आवागमन में भारी मुसीबतें झेलनी पड रही हैं। ज्ञात है कि एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग इसी मार्ग से मऊ आते हैं, लेकिन मैदाना मोड़ से लेकर इंटर कॉलेज मऊ तक एक किमी की सड़क में जगह-जगह कीचड़ व जलभराव होने से अक्सर लोग गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। जुलाई में स्कूल खुलने से बच्चे भी इसी दुर्गम रास्ते से रोज चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूरी में आवागमन करते हैं। स्थानीय व्यापारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रास्ता इतना खराब है कि लोग संभल कर चलते है। फिर भी चुटहिल हो जाते हैं। कई वर्षों से ये सड़क इसी तरह है। बीच में काम शुरू हुआ, लेकिन फिर बंद हो गया। लोगों ने कहा कि जल्द सड़क बनवाई जाए, ताकि राहत मिल सके। मऊ-बियावल मार्ग बनने से स्थानीय व्यापार भी बढ़ेगा। आस-पास के गांवों के तीमारदारों को भी बेहतर इलाज मिल सकेगा।



मऊ-बियावल मार्ग में जलभराव।

## प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में देखे कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सांसद आरके सिंह पटेल व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला, सीडीओ अमृतपाल कौर की मौजूदगी में पुलिस लाइन में निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। सोमवार को प्रभारी मंत्री आदि ने कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने खिलाडियों के साथ रहने का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने पंडित दीनदयाल जनशताब्दी पर वालीबाल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता स्पोर्ट स्टेडियम में कराई।

सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारम्भ सदर विधायक अनिल प्रधान ने कर खिलाड़ियों से परिचय लिया। वॉलीबॉल में सीतापुर व सुषमा स्वरूप, जनसेवा इंटर कॉलेज, स्पोर्ट स्टेडियम राजापुर व तेजीपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला सीतापुर व तेजीपुर के बीच खेला गया। सीतापुर ने तेजीपुर को 25 के मुकाबले 11 से पराजित किया। क्रिकेट का पहला मुकाबला मऊ -सीतापुर के बीच हुआ। मऊ ने 130 रन बनाए। सीतापुर ने दस ओवर में 132 रन बनाकर मऊ को पराजित किया। प्रेम 58 रन व करन ने 51 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट में अंपायर की भूमिका फिरोज अंसारी ने निभाई। वॉलीबॉल में कामता प्रसाद, अख्तर हुसैन निर्णायक रहे। विजय कुमार ने सदर विधायक को बैज लगाकर स्वागत किया। विधायक ने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत से अच्छे परिणाम देने को प्रेरित किया। भरोसा दिया कि क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए वह लाइट लगवा रहे हैं। भविष्य में खिलाड़ियों के लिए हमेशा साथ हैं। खिलाड़ियों ने तालियां बजाकर विधायक का जोरदार स्वागत किया।

खिलाडियों से परिचय लेते विधायक।

# पुलिस ने दबोचे चार जुआरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने नांदिन कुर्मियान से शैलेश सिंह पुत्र घनश्याम सिंह, गजेंद्र सिंह पुत्र चन्द्रदत्त सिंह, कौशल कुमार गर्ग पुत्र राजवंत निवासी नांदिन कुर्मियान, सुधीर कुमार पुत्र राजाराम निवासी शिक्षक कालौनी कस्बा राजापुर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा।

सोमवार को राजापुर थाने के दरोगा ने जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 12 हजार व ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी से तीन हजार रुपये बरामद किये। इनके खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही उमेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र मौर्य, शुभम त्रिपाठी, निशांत यादव व अंकित शुक्ला शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

# सभी लोग घरों के बाहर लगवायें कैमरेः एसपी



बैठक में बोलती एसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जिले के व्यापारियों के साथ हुई गोष्ठी में उन्होने व्यापारियों से समस्यायें पूंछी। सोमवार को हुई गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को भरोसा दिया कि उनकी बताई समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने सभी से अपील किया कि अपनी-अपनी दुकानों व मकानों के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें, ताकि कोई अप्रिय घटना होने पर संपूर्ण जानकारी कैमरे में कैद हो सके। गोष्ठी में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सुरंग में फंसे मजदूरों के निकलने को हुई प्रार्थना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अध्यक्षता में उत्तर काशी के सिलक्यारा गांव में निमार्णाधीन टनल (सुरंग) का एक हिस्सा टूटने से आठ दिनों से 41 मजदूरों के फंसे होने पर मजदूरों को बाहर निकालने को ईश्वर से प्रार्थना की।

सोमवार को प्रार्थना सभा में कांग्रेसी नोखेलाल फौजी, पूर्व प्रदेश सचिव गज्जू प्रसाद फौजी, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद एड, सेवादल प्रदेश सचिव शिव गुलाम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, आईटी सेल अध्यक्ष अजीत मिश्रा एड, किसान सेल के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सौरभ उपाध्याय, प्रदेश सचिव महिला सेवादल सविता पाल, मुरलीलाल विश्वकर्मा, रामलाल कोटार्य, रामस्वरूप पटेल आदि मौजूद रहे।

# गौ सेवा केन्द्र में गौ-पूजन से मनाई गोपाष्टमी

## सभी जीवों में गौ को ही प्राप्त है माता का दर्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज की प्रेरणा से जानकीकुण्ड में संचालित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने श्री सदगुरु गौ-सेवा केन्द्र में कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व मनाया।

गोपाष्टमी पर गौ सेवा केन्द्र संचालिका उषा जैन ने बताया कि 25 वर्षों से गौ-सेवा केन्द्र में गोपाष्टमी पर गौ माता का गोधूलि बेला में पूजन-अर्चन, आरती व भोग लगाते हैं। गौवंश की संख्या कम थी, वर्तमान में 12 सौ गौवंश केन्द्र में सेवायें प्राप्त कर रही हैं। इस गौशाला को क्षेत्र की आधुनिक एवं डिजिटल गौशाला होने का गौरव प्राप्त हैं। 25 गौ सेवक निरंतर गौमाता की सेवा को 24 घंटे तैनात हैं। उनके चारा-पानी, चिकित्सा आदि की व्यवस्था ट्रस्ट करता है। विशेष उत्सव पर गौ माताओं को छप्पन भोग अन्नकूट का प्रसाद भी लगाया जाता है।



अंचल के पूज्य संतों, गुरुभाई-बहन, सदगुरु परिवार के सदस्य एवं गौ-भक्त मौजूद रहकर गौ माता को श्रद्धापूर्वक भोग लगाते हैं। उषा जैन ने बताया कि गौ हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्राचीन काल से वर्तमान काल तक उनके उपकारों से हम उऋण नहीं हो सकते। सभी जीवों में केवल गौ को ही माता का दर्जा प्राप्त है। इस पर गौ के महत्त्व को समझ सकते हैं। विडंबना है कि भारत जैसे देश में ही गौ की स्थिति दयनीय हो गयी है। गौपालन स्तर कम होता जा रहा है। गौ-माता को आश्रय देने वाले एवं सेवा करने वाले बहुत कम लोग बचे हैं। सभी का नैतिक दायित्व है कि अकेले संभव न हो तो समूह में मिलकर गौ-सेवा प्रकल्प संचालित कर गौ संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य करें। निकटतम गौ-सेवा केन्द्रों में जाकर गौ-सेवा को सहयोग करें। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ बीके जैन, श्रीमती मिलोनी बेन, उषा जैन, अनुभा अग्रवाल समेत संत-महंत, गुरुभाई-बहन, सदगुरु परिवार के कार्यकर्ता एवं गौ भक्त मौजूद रहे।

## करंट से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप कस्बे में युवक की उस समय मृत्यु हो गई, जब वह घर की बिजली सुधार रहा था।

ये हादसा रविवार की रात हुआ। बताया गया कि भरतकूप के राजू कुशवाहा (23) अपने घर की बिजली सुधार रहा था। इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे इलाज को जिला अस्पताल ला रहे थे। करंट से झुलसे युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

# अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्बंधी समझौता नेपाल संसद से पारित करने की तैयारी



**काठमांडू/एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबन्धन (आईएसए) सम्बंधी समझौता नेपाल की संसद से पारित करने की तैयारी है। इस समझौते के मसौदे को संसद सचिवालय में दर्ज कर सभी सांसदों को अध्ययन के लिए भेजा गया है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री शक्ति बस्नेत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से जुड़ने के लिए नेपाल की संसद से इस समझौते को पारित कराने की सरकार की तरफ से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन अधिवेशन की शुरूआत में ही इस समझौते को पारित करा लिया जाएगा। मंत्री बस्नेत ने बताया कि दुनिया के सौ से अधिक देश अब तक इस गठबंधन से जुड़ चुके हैं। नेपाल भी इससे जुड़कर लाभान्वित होना चाहता है। नेपाल के दोनों सदनों से इस समझौते को पारित कराना होगा। नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक किसी भी अन्तरराष्ट्रीय सन्धि समझौते को संसद के दोनों सदनों से पारित कराना होता है। इसके लिए दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। ऊर्जा मंत्री बस्नेत ने देश की समृद्धि और विकास के लिए आवश्यक इस समझौते को दोनों सदनों से सर्वसम्मति से पारित होने का विश्वास व्यक्त किया।

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का प्रस्ताव भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलान्द द्वारा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के 21वें सत्र (वठऋउउउ-उडढ21) के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य सदस्य देशों की विशेष ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा के साधन के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग को आगे बढ़ाना है। इस गठबंधन का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर ऊर्जा की निर्भरता को खत्म कर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना भी है।

इसके अतिरिक्त सदस्य देशों को सस्ती दरों पर सोलर टेक्नोलॉजी का प्रबंध कराना व इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। आईएसए सौर-संसाधन संपन्न देशों के बीच सहयोग के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करता है। उसके माध्यम से सरकारों, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संगठनों, कॉरपोरेट्स, उद्योग और अन्य हित धारकों सहित वैश्विक समुदाय सौर ऊर्जा के उपयोग और गुणवत्ता को बढ़ाने के सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

## अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला रोजलिन कार्टर का 96 वर्ष की आयु में निधन




**वाशिंगटन/एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला रोजलिन कार्टर का रविवार को दक्षिणी राज्य जार्जिया में निधन हो गया। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर की पत्नी रोजलिन ने 96 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अटलांटा के कार्टर सेंटर ने उनकी मृत्यु की घोषणा की। कार्टर सेंटर ने 30 मई को खुलासा किया था कि रोजलीन कार्टर को मनोभ्रंश की बीमारी है। तब सेंटर ने कहा था कि वह अपने पति के साथ घर पर खुशी से रह रही हैं। मैदानी इलाकों में वसंत का आनंद ले रही हैं और प्रियजनों के साथ घूम रही है।

कार्टर दंपति ने अमेरिकी राजनीति में कई रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। सबसे लंबे समय तक शादी में रहने वाला राष्ट्रपति जोड़ा और 99 वर्षीय जिमी कार्टर सबसे उम्रदराज जीवित अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। कार्टर सेंटर के अनुसार रोजलीन कार्टर की चार संतान हैं। 2015 में एक पोते को खोने के बाद 11 पोते-पोतियां और 14 पर-पोते हैं। रोजलीन कार्टर को व्हाइट हाउस के बाद उनके काम के लिए सबसे ज्यादा जाना गया है। उन्होंने और उनके पति ने दुनिया भर में मानवाधिकारों, लोकतंत्र और स्वास्थ्य के मुद्दों की वकालत की और साथ ही एक विनम्र सार्वजनिक छवि भी बनाए रखी।

कार्टर सेंटर ने बयान में कहा है कि मानसिक स्वास्थ्य, देखभाल और महिला अधिकारों की एक उत्साही चैंपियन रोजलिन कार्टर का 96 वर्ष की आयु में जॉर्जिया के प्लेन्स स्थित उनके घर पर निधन हो गया। पत्नी की मौत के गम में डूबे जिमी कार्टर ने कहा -'मैंने जो कुछ भी हासिल किया उसमें रोजलिन मेरी बराबर की भागीदार रही। पूर्व डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ने कहा कि मैं हमेशा से जानता था कि दुनिया में कोई मुझे प्यार करता है और मेरा समर्थन करता है तो वह रोजलिन ही थीं।'

जिमी कार्टर के लंबे राजनीतिक जीवन में रोजलिन निर्णायक भूमिका में रही हैं। व्हाइट हाउस में (1977 से 1981 तक) रोजलिन कार्टर नीतिगत फैसलों में शामिल रहीं। वो कैबिनेट बैठकों और प्रमुख ब्रीफिंग का हिस्सा बनीं। कई अवसरों पर मुख्य कार्यकारी का प्रतिनिधित्व किया। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के अनुसार, 13 साल की उम्र में रोजलिन कार्टर के पिता की मृत्यु हो गई थी और उन्होंने अपनी मां के साथ काम किया। 1945 में जब वह कॉलेज में थीं, तब उनकी मुलाकात जिमी कार्टर से हुई। दोनों ने 1946 में शादी कर ली।

## नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए एक विधायक "दंडवत प्रणाम" करते हुए पहुंचे छठ घाट



**काठमांडू/एजेंसी।** नेपाल को पुनः हिन्दू राष्ट्र बनाने की कामना के साथ यहां के एक विधायक कठिन छठ व्रत कर रहे हैं। उन्होंने छठ के लिए व्रती के द्वारा किए जाने वाले निराहार उपवास ही नहीं किया बल्कि अपने घर से छठ घाट तक दंडवत प्रणाम करते हुए पहुंचे। छठ में कुछ लोग अपने घर से छठ घाट तक जमीन पर लेट कर एक छोटी लकड़ी के साथ रास्ता नापते हुए घाट तक पहुंचते हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता एवं कोशी प्रदेश से पार्टी के विधायक भीम पराजुली ने देश को पुनः हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मनोकामना के साथ छठ का व्रत किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुरू से ही नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के अभियान से मैं जुड़ा हूं और छठी मैया का व्रत भी इसी उद्देश्य के साथ कर रहा हूं।

अपने घर से दंडवत प्रणाम करते हुए छठ घाट पर पहुंचे भीम पराजुली ने कहा कि यह कठिन व्रत वो पहली बार कर रहे हैं और छठी मैया से यह कामना है कि पूरे विश्व में नेपाल की जो एक अलग धार्मिक पहचान है उस लक्ष्य को हासिल करने में सफलता मिले। वह विराटनगर स्थित कंचनबारी चौक स्थित अपने घर से करीब साढे.तीन किलोमीटर की दूरी पर सिंघिया नदी पर बने छठ घाट पर सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। शनिवार को खरना से ही व्रत कर रहे प्रदेश सभा के विधायक भीम पराजुली ने दंडवत प्रणाम करते हुए इस दूरी को पूरा किया।

छठ घाट पर पत्रकारों से पराजुली ने कहा कि नेपाल की समृद्धि और विकास के लिए हिन्दू राष्ट्र की पुनर्स्थापना होना आवश्यक है। पराजुली पार्टी की केन्द्रीय बैठक हो या पार्टी का महाधिवेशन, हर समय हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि राजनीति को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भी हिन्दू राष्ट्र की पुनर्स्थापना जरूरी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## गाजा में पांच दिन के संघर्ष विराम पर सहमति!

**वाशिंगटन/एजेंसी।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच गाजा में छिड़ा घमासान कुछ दिन के लिए थम सकता है। कहा जा रहा है कि कतर की मध्यस्थता से गाजा में पांच दिन के संघर्ष विराम पर सहमति हो गई है। अमेरिका के प्रमुख अखबार वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अमेरिका, इजराइल और हमास ने दर्जनों बंधकों को मुक्त कराने के लिए एक अस्थायी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## नेपाली नागरिक को हमास ने बन्धक बनाया, आईडीएफ ने वीडियो किया जारी




**काठमांडू/एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने हमास द्वारा एक नेपाली सहित दो लोगों को बन्धक बनाए जाने का वीडियो सार्वजनिक किया है। नेपाल सरकार की तरफ से अपने एक नागरिक के अभी भी लापता होने और हमास द्वारा बन्धक बनाए जाने की आशंका जतायी गई थी। नेपाल के आग्रह के बाद लापता नागरिक को ढूंढने के क्रम में इजराइल डिफेंस फोर्स को गाजा के शिफा अस्पताल के सीसीटीवी का एक दृश्य सार्वजनिक कर नेपाली नागरिक को हमास द्वारा बन्धक बनाए जाने की पुष्टि की है। आईडीएफ ने अपने वेरिफाईड एक्स असाउंट पर इस सीसीटीवी वीडियो को सार्वजनिक करते हुए लापता हुए नेपाली नागरिक सहित एक थाई नागरिक के बन्धक बना कर रखने की जानकारी दी है। हमास ने इजराइल के किबुज अलुमिम में आक्रमण कर वहां रहे कई लोगों को बन्धक बनाते हुए अगवा कर गाजा क्षेत्र में ले गए थे। नेपाली छात्र विपिन जोशी भी उनमें से एक थे।

इस वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय की प्रवक्ता सेवा लम्साल ने इस वीडियो पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आईडीएफ की तरफ से जो वीडियो रिलीज किया गया है, वह 7 अक्टूबर का है। एक महीने से भी अधिक समय पहले के इस वीडियो से नेपाल के लापता नागरिक की वर्तमान अवस्था के बारे में कुछ भी यकीन के साथ नहीं कहा जा सकता है। लम्साल ने बताया कि विदेश मंत्रालय इजराइल अथॉरिटीज के लगातार संपर्क में है और लापता नागरिक की वर्तमान अवस्था का पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

## नेपाल में भव्य रूप से मनाया गया छठ महापर्व, राष्ट्रपति ने भी दिया अर्घ्य





काठमांडू, नेपाल के तराई मधेश के जिलों के साथ काठमांडू, पोखरा, हेटौडा, चितवन सहित सभी प्रमुख शहरों में सूर्य उपासना का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया। अन्य वर्षों की भांति छठ घाटों पर राष्ट्रपति के पहुंचने और सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा बरकरार रही। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल पशुपतिनाथ मंदिर के पीछे बागमती नदी के किनारे बने छठ घाट पर अर्घ्य देने पहुंचे। कई अन्य राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता भी छठ घाट पर पहुंचते रहे हैं। पहले यह पर्व भारत से सटे जिलों में मनाया जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से काठमांडू और पोखरा जैसे शहरों में भी काफी भव्य तरीके से मनाया जाता है। छठ पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश रहता है। अधिकांश स्कूल-कॉलेज हालांकि दशहरा से छठ पर्व तक बन्द रहते हैं। लेकिन सरकारी दफ्तरों और बैंकों में दीपावली से छठ तक छुट्टी रहती है। मधेश प्रदेश और लुम्बिनी प्रदेश में छठ के लिए दो दिनों का अलग से अवकाश दिया जाता है। नेपाल में छठ घाटों की सजावट भव्य तरीके से की जाती है। सिर्फ मधेशी और थारू समुदाय ही नहीं, पहाड़ी व जनजाति समुदाय के लोग भी श्रद्धा और निष्ठा से छठ पर्व मनाते हैं। काठमांडू में करीब 13 प्रमुख स्थानों पर छठ घाट बनाया जाता है। इसके अलावा बीरगंज, जनकपुर, विराटनगर, भैरहवा, नेपालगंज, हेटौडा, चितवन में भी छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। हर जगह पर स्थानीय सरकारी निकायों की तरफ से छठ घाट बनाने से लेकर साज-सज्जा और श्रद्धालुओं के लिए अन्य व्यवस्था की जाती है।

# इजराइल ने अल शिफा अस्पताल परिसर में हमास की बड़ी सुरंग का पर्दाफाश किया




**तेल अवीव/एजेंसी।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के आक्रमण के बाद छिड़े घमासान के दौरान आखिरकार इजराइल की आशंका पूरी तरह सच निकली। हमास के ठिकानों को तहस-नहस करते हुए कुछ खूंखार आतंकवादियों का सफाया कर गाजा पट्टी को घेर चुकी इजराइल की सेना ने यहां के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा के परिसर में हमास की बड़ी सुरंग होने का पदार्फाश किया है।

इस अस्पताल को घेरने के बाद चौतरफा आलोचना का शिकार हुई इजराइल की सेना के इस दुस्साहस भरे अभियान पर इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञप्ति, वीडियो और कुछ फोटो जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर इंटेलिजेंस ऐंड स्पेशल ऑपरेशंस (सैन्य खुफिया) और शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा) की सूचना पर सैनिकों ने शिफा अस्पताल परिसर के नीचे 10 मीटर गहरी 55 मीटर लंबी हमास की आतंकी सुरंग का पता लगा लिया है। यह सीढ़ी नुमा सुरंग है। इसका दरवाजा बुलेट प्रूफ है। इसमें फायरिंग होल के अलावा विभिन्न रक्षा सामग्री मिली है। आईडीएफ की विज्ञप्ति के अनुसार हमास के आतंकी यहीं से इजराइली बलों पर हमला करते हैं। वह इनका प्रयोग कमांड सेंटरों के रूप में कर रहे हैं। यह सुरंग अस्पताल परिसर में एक शेड के नीचे मिली है। यहां एक वाहन इस तरह खड़ा किया गया था कि यह किसी को भी दिखाई न दे। इस सुरंग में हथियारों का जखीरा मिला है।

## जेवियर माइली अर्जेंटीना के राष्ट्रपति निर्वाचित, बड़े बदलाव का वादा



**ब्यूनस आयर्स/एजेंसी।** अर्जेंटीना के अगले राष्ट्रपति दक्षिणपंथी नेता जेवियर माइली होंगे। रविवार को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले संबोधन में माइली ने कहा कि देश की स्थिति गंभीर है। उन्होंने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद बड़े बदलाव करने का वादा किया। जेवियर माइली ने कहा कि आज से अर्जेंटीना का पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। अर्जेंटीना के चुनाव प्राधिकरण के अनुसार, चुनाव में जेवियर माइली को 55.8 प्रतिशत और अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियो मस्सा को 44.2 प्रतिशत वोट मिले। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिका में दक्षिणपंथी उदारवादी जेवियर माइली की तुलना डोनाल्ड जे. ट्रंप से की जाती है। 53 वर्षीय माइली एक अर्थशास्त्री जरूर हैं पर उनके पास सही मायने में कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है। वह देश की अर्थव्यवस्था को कैसे पटरी पर लाते हैं, यह सबसे बड़ा सवाल है।

माइली ने खर्च और करों में कटौती करने, अर्जेंटीना के केंद्रीय बैंक को बंद करने और देश की मुद्रा को अमेरिकी डॉलर से बदलने का वादा किया है। उन्होंने गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने, बंदूकों पर नियमों को शिथिल करने और केवल उन देशों पर विचार करने का प्रस्ताव दिया है जो अर्जेंटीना के सहयोगियों के रूप में "समाजवाद के खिलाफ लड़ना" चाहते हैं। वह उदाहरण के तौर पर अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल का नाम लेते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना लैटिन अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। आज यह देश मुद्रास्फीति, बढ़ती मंदी और गरीबी की समस्या से दोचार हो रहा है।

## गाजा के अल शिफा अस्पताल से 31 नवजात को राफा ले जाया गया



**गाजा पट्टी/एजेंसी।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध से यहां के अस्पताल संकट से घिर गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की चिंता के बाद गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा से कल बेहद गंभीर हालत में 31 नवजात (समय से पहले जन्मे बच्चे) को दक्षिण में राफा के अल-हेलाल अमीराती मैटरनिटी अस्पताल, फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी और डब्ल्यूएचओ ले जाया गया। यह जानकारी अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दी गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के हवाले से सूचना प्रसारित की है कि इजराइली सेना के हमले के लगभग चार दिन बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस अस्पताल परिसर को मृत्यु क्षेत्र के रूप में वर्णित किया था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की निगरानी में अल-शिफा अस्पताल से 291 मरीजों को भी अन्यत्र भेज दिया गया। इनमें 31 नवजात भी शामिल हैं। इजराइली सुरक्षा बलों ने संयुक्त राष्ट्र टीम को इसके लिए एक घंटे का समय प्रदान किया था।

## नेपाल सरकार ने मुसलमानों के धार्मिक आयोजन 'इज्तमा' पर लगाई रोक

**काठमांडू/एजेंसी।** मुसलमानों के सालाना धार्मिक सभा इज्तमा पर नेपाल सरकार ने रोक लगा दी है। धार्मिक संवेदनशीलता का हवाला देते हुए नेपाल के गृह मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। नेपाल सरकार ने इज्तमा के लिए लगाए गए टेंट और इसके लिए बाहर से आए लोगों को 24 घंटे के अंदर स्थान खाली करने का निर्देश दिया है। नेपाल के पूर्वी हिस्से में स्थित सुनसरी जिले के दुहबी और इटहरी में 21-23 नवंबर तक इज्तमा की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए 80 एकड़ जमीन पर टेंट लगाया गया था जिसमें करीब 50 हजार लोगों के रहने और बैठने की व्यवस्था की गई थी।